जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Story of Diego Garcia and the Military Base**

The forced removal of the Chagossians was not just a matter of strategic military interests but also tied to financial deals between the US and the UK

**As Many Ruined Villages As You Like...**

**The Story of India's First Antiseptic Cream**

# 'भारतीय व चीनी लोग जो अमेरिका में आकर बसते हैं, "लैपटॉप वाले गुण्डे" हैं'

## "इन गुण्डों" ने हमें लूटा है तथा हमारे देश में ही हमको "सैकिण्ड क्लॉस" नागरिक बना दिया है"

- ट्रंप ने राजनीतिक विचारक माइकल सैवेज के इस पॉडकास्ट को आगे शेयर व दुबारा रीपोस्ट करके, यह तो जता ही दिया कि वे पॉडकास्ट के इन विचारों को सही मानते हैं और अनुसरण करते हैं।
- इसी संदर्भ में ट्रंप ने यह भी उजागर किया कि वे इस व्यवस्था को एकदम गलत मानते हैं कि जो भी बच्चा, अमेरिका में पैदा हुआ है वह जन्मते ही अमेरिका का नागरिक हो जाता है।
- ट्रंप के अनुसार, इसी अजीबोगरीब व्यवस्था के कारण, गर्भावस्था के नवें महीने में, चीनी व भारतीय नागरिक अपनी महिलाओं को हवाई जहाज से अमेरिका भेज देते हैं, बच्चे को अमेरिका में जन्म दिलाने के लिए और बड़ा होने पर यह बच्चा अपने पूरे परिवार को अमेरिका ले आता है और अमेरिका का नागरिक बनवा देता है। अमेरिका की इस व्यवस्था को ट्रंप पूर्णतया बदल देना चाहते हैं और अगर सुप्रीम कोर्ट इसमें बाधक साबित हुआ तो वे "रैफ्रेंडम" के मार्फत इस व्यवस्था को बदल देंगे।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अप्रेल। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी राजनीतिक टिप्पणीकार और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज का वह पॉडकास्ट फिर से शेयर किया, जिसमें उन्होंने भारत, चीन और अन्य देशों को "नरक के गड्ढे" के रूप में वर्णित किया है। सैवेज ने अपने नस्लीय घृणापूर्ण बयान में अमेरिकी जन्मसिद्ध नागरिकता कानून में बदलाव की मांग करते हुए कहा कि इन दो एशियाई देशों के लोग अमेरिका आते हैं, "नौवें महीने में बच्चा जन्म देने" के लिए, और यह कानून उन्हें "तुरंत" अमेरिकी नागरिक बना देता है।

रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने सैवेज के पॉडकास्ट 'सैवेज नेशन' का ट्रांसक्रिप्ट और वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने जन्मसिद्ध नागरिकता पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के तर्कों की आलोचना की।

रेडियो होस्ट ने अमेरिका के गैर-नागरिक माता-पिता के अमेरिका में जन्मे बच्चों को स्वतः नागरिकता देने के विचार पर हमला किया और इस मुद्दे को अदालतों पर छोड़ने के बजाय राष्ट्रीय जनमत संग्रह की मांग की।

उन्होंने पत्र में लिखा, "यहाँ एक नवजात शिशु तुरंत नागरिक बन जाता है, और फिर वे पूरी फैमिली को चीन, भारत या पृथ्वी के अन्य किसी नरक के गड्ढे (देश) से अमेरिका में ले आते हैं।

पत्र में भारतीय और चीनी प्रवासियों को "लैपटॉप वाले गैंगस्टर" कहा गया, जिन्होंने "हमारे झंडे पर पांव रखा।"

उन्होंने लिखा, "उन्होंने इस राष्ट्र को जितना नुकसान पहुँचाया है, उतना सभी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# मुख्यमंत्री ने 2 प्रतिशत महँगाई भत्ता बढ़ाया

जयपुर, 23 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गुरुवार को राज्य में महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है। इससे राज्य कार्मिकों एवं पेंशनर्स को महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जनवरी से 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय से लगभग 7.02 लाख कार्मिक एवं 5.44 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को आगामी जून में देय मई के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा 1 जनवरी से 30 अप्रेल तक चार माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पेंशनरों को 1 जनवरी, से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा। कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में लिए गए इस संवेदनशील निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 1156 करोड़ रुपये का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

- इस निर्णय से 7.02 लाख राज्य कार्मिक तथा 5.44 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

# अमेरिका में रह रहे 40 प्रतिशत भारतीय यूएस छोड़ने पर विचार कर रहे हैं

## कार्नेगी एंडाउमैंट और अंतर्राष्ट्रीय मार्केट रिसर्च डेटा विश्लेषण फर्म यूगॉव द्वारा संयुक्त रूप से किए गए सर्वे में यह निष्कर्ष निकला है

- कुल एक हजार लोगों पर यह सर्वे किया गया। अमेरिका छोड़ने पर विचार कर रहे लोगों ने ट्रंप प्रशासन के प्रति अपनी गहरी नाखुशी जाहिर की।
- इनका कहना था कि ट्रंप प्रशासन की "अमेरिका फॉर अमेरिकन" नीति के कारण वे अलग-थलग सा महसूस करते हैं। यही नहीं नागरिकता संबंधी मसलों के कारण वे नौकरी और निवास को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहे हैं।
- बढ़ती महँगाई ने भी आम मध्यमवर्गीय भारतीयों की तकलीफें बढ़ा दी हैं। सैनफ्रांसिस्को, न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में एक बेडरूम का घर 3 से 5 हजार डॉलर में मिलता है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अप्रेल। कई भारतीयों के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका कभी सबसे आकर्षक मंज़िल हुआ करता था, लेकिन अब कई लोगों के लिए अमेरिकी सपना धीरे-धीरे फीका पड़ रहा है। कार्नेगी एंडाओमैंट द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारतीय अमेरिकी समुदाय लगातार चिंतित हो रहा है, और कई अब अमेरिका छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं। "यू गव" के साथ मिलकर 1,000 लोगों पर यह सर्वे किया गया, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत भारतीय अमेरिकी लोगों ने राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दबावों के कारण एमिग्रेशन के बारे में सोच चुके हैं।

सर्वे में बताया गया है, "एक छोटे समूह लगभग 14 प्रतिशत, का कहना है कि उन्होंने अक्सर अमेरिका छोड़ने के बारे में सोचा है, जबकि 26 प्रतिशत ने कभी-कभार इस बारे में सोचा है। दिलचस्प बात यह है कि सबसे अधिक कारण अमेरिका की राजनीति से निराशा है, जिसे लगभग 10 में से 6 प्रतिभागियों (58 प्रतिशत) ने यही कारण बताया। इसके बाद जीवन-यापन की लागत (54 प्रतिशत) और व्यक्तिगत सुरक्षा (41 प्रतिशत) का कारण आता है।"

ध्यान देने योग्य है कि आज अमेरिका में 52 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं।

इस बदलाव के पीछे राजनीतिक माहौल सबसे बड़ा कारण है, जिसमें 58 प्रतिशत लोगों ने इसे ही मुख्य वजह बताया। डॉनल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल से व्यापक असंतोष ने इस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# तमिलनाडु व बंगाल से लगभग 1000 करोड़ की जब्ती हुई

## चुनाव आयोग ने कहा, प.बंगाल में दूसरा चरण बाकी है, इसलिए यह राशि और बढ़ सकती है

- इस राशि में नकद पूँजी के साथ शराब, ड्रग्स, कीमती धातुएं व अन्य प्रलोभन शामिल हैं।
- प.बंगाल में 472.89 करोड़ रूपए की जब्ती हुई, वहीं तमिलनाडु में 599.24 करोड़ रूपए की। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 102.45 करोड़ रूपए की शराब जब्त हुई, जबकि तमिलनाडु में शराब के प्रति रूझान कम दिखा, मात्र 3.85 करोड़ रूपए की शराब जब्त हुई, यहाँ कीमती धातुओं के प्रति भारी रूझान दिखा और इनकी कुल 159.31 करोड़ रूपए की जब्ती हुई।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 अप्रेल। चुनावों के दौरान की गई सबसे व्यापक प्रवर्तन कार्यवाहियों में से एक में, भारत निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में कुल जब्तियों की राशि पहले ही 1,072 करोड़ को पार कर चुकी है, जिससे यह चुनावों के दौरान की अब तक की सबसे बड़ी प्रवर्तन कार्यवाही बन गई है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु में कुल जब्तियाँ 599.24 करोड़ रुपये की दर्ज की गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में यह राशि 472.89 करोड़ रुपये है। इन आंकड़ों में जब्त की गई नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और ड्रग्स, कीमती धातुएँ और अन्य प्रलोभन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य कथित तौर पर मतदाताओं को प्रभावित करना था।

इस जब्ती का स्वरूप दोनों राज्यों में अलग-अलग पैटर्न दिखाता है। पश्चिम बंगाल में, अधिकारियों ने 102.45 करोड़ रुपये की शराब और 108.11 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त किए हैं, इसके अलावा 178.83 करोड़ रुपये के फ्रीबीज़ और अन्य वस्तुएँ भी शामिल हैं। इसके विपरीत, तमिलनाडु में शराब की जब्ती अपेक्षाकृत कम, 3.85 करोड़ रुपये रही, लेकिन कीमती धातुओं की जब्ती 159.31 करोड़ रुपये और फ्रीबीज़ 259.14 करोड़ की रिकॉर्ड की गईं।

अधिकारियों ने संकेत दिया कि आंकड़े और बढ़ सकते हैं, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, जहां मतदान का दूसरा चरण अभी बाकी है। सर्विलांस को मजबूत करने और त्वरित कार्यवाही

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# तमिलनाडु में 84.31 प्रतिशत मतदान हुआ

चेन्नई, 23 अप्रैल (हि.स.)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए आज शांतिपूर्ण ढ ंग से मतदान संपन्न हो गया। शाम लगभग 84.35 प्रतिशत रिकार्ड मतदान दर्ज किया गया। मतदान का समय शाम 6 बजे के बाद भी कई स्थानों पर मतदाताओं की लाइनें लगी देखी गईं। मतदान अधिकारी ने कतार में लगे लोगों को टोकन देकर मतदान कराया। अंत तक मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है।

- शाम 6 बजे मतदान केन्द्रों पर लगी लाइनों को देखते हुए मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना।

मतदान सुबह 7 बजे शुरू होकर पूरे दिन शाम 6 बजे तक चला। भीषण गर्मी के बावजूद युवा और महिलाएं लंबी कतारों में खड़े होकर उत्साह के साथ मतदान करते रहे। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधाएं भी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भारत को "पृथ्वी पर नरक" व भारतीयों को "लैपटॉप वाला गुण्डा" कहने पर भारी प्रतिक्रिया

## अमेरिका के जापान में पूर्व राजदूत राहम इमानुअल ने कहा, "ट्रंप की यह टिप्पणी, भारत के मुँह पर थूकना है

- जैसा कि चर्चा है, राहम इमानुअल, 2028 में अमेरिका के राष्ट्रपति के पद के लिए संभवतया डेमौक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार होंगे।
- देश में, विपक्षः कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आदि पार्टियाँ प्र.मंत्री मोदी को उकसा रहे हैं कि वे ट्रंप की टिप्पणी पर प्रबल विरोध व्यक्त करें।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो।

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और चीन को "नरक के गड्ढे" और सभी भारतीयों को "लैपटॉप वाले गैंगस्टर" कहे जाने वाले बयानों के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी की "चुप्पी" और "विरोध नहीं करने" के लिए विपक्ष के नेताओं ने प्रधानमंत्री की कड़ी आलोचना की।

इसी बीच, रैम एमैनुअल, जो जापान में अमेरिकी राजदूत रहे हैं और 2028 के राष्ट्रपति पद के सम्भावित डेमोक्रैटिक उम्मीदवार भी हो सकते हैं, ने ट्रम्प के भारत के प्रति इस रवैये की आलोचना की तथा कहा कि वॉशिंगटन ने सचमुच भारतीयों के चेहरे पर थूका है।"

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने ट्रम्प की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने से बचते हुए कहा, "हमने कुछ रिपोर्टें देखी हैं", और आगे कहा, "मैं इसे यहीं छोड़ता हूँ।"

दिन की शुरुआत में, ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर अमेरिकी राजनीतिक टिप्पणीकार माइकल सैवेज का पॉडकास्ट फिर से शेयर किया।

इस पॉडकास्ट में सैवेज ने भारत, चीन और कुछ अन्य देशों को "नरक के गड्ढे" बताया। जहाँ ट्रम्प ने इसे साझा करते समय कोई कैप्शन नहीं जोड़ा, वहीं इसे अमेरिका में हाल ही में प्रवासन और घरेलू नीति पर उनकी बयानबाजी के अनुरूप माना जा रहा है।

भारत में, ट्रम्प के संदेश और प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर तीव्र प्रतिक्रिया हुई। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने प्रधानमंत्री से पूछा, "क्या आप इसका विरोध करेंगे, या बंगाल में अपनी अगली चुनावी रैली की ओर खी-खी (हँसी-ठिठोली) करते हुए चले जाएंगे?"

कांग्रेस ने ट्रम्प की टिप्पणियों को "अत्यंत अपमानजनक और भारत विरोधी" बताया।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से लिखा: "उनके (मोदी) ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे ट्रम्प के सामने कुछ कहेंगे। नरेन्द्र मोदी कमज़ोर प्रधानमंत्री हैं, और पूरा देश इसे भुगत रहा है।"

इस बीच, रैम एमैनुअल, जिन्होंने बराक ओबामा और जो बाइडन प्रशासन में विभिन्न पदों पर काम किया है, को यह कहते हुये उद्धत किया गया है: "ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका ने सचमुच भारत के चेहरे पर थूका है। भारत को अमेरिका के करीब लाना हर अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए 30 साल का प्रोजेक्ट रहा है। मैं ट्रम्प जैसा कुछ नहीं करूंगा।"

# एसीडी तीन माह में जयपुर डिस्कॉम सीएमडी की जाँच रिपोर्ट दे- हाई कोर्ट

जयपुर 23 अप्रैल । राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर डिस्कॉम के कर्मचारी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के बाद, उसे चार्जशीट देने और उसके बाद जांच रिपोर्ट पर निर्णय नहीं करने के मामले में डिस्कॉम सीएमडी के खिलाफ एसीबी को तीन माह में जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। वहीं अदालत ने प्रमोशन के बिंदु पर मामले की सुनवाई शुक्रवार को तय की है। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने

- डिस्कॉम कर्मचारी का आरोप है कि जाँच अधिकारी की रिपोर्ट पर निर्णय नहीं लेकर सीएमडी ने उसे पदोन्नति से वंचित किया।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पचास साल में पहली बार प.बंगाल में हुआ भारी 92 प्रतिशत मतदान

## जाने माने राजनैतिक पर्यवेक्षक भी मतदान प्रतिशत में भारी वृद्धि से सकते में हैं, और इसे समझ नहीं पा रहे हैं

- पूर्व में प.बंगाल में मतदान के दौरान भारी हिंसा देखी जाती थी, पर, इस बार तुलनात्मक रूप से मतदान शांतिपूर्ण रहा, कुछेक घटनाएं हुईं, पर उन पर तुरंत एक्शन हुआ, मसलन भाजपा के एक प्रत्याशी सुभेन्दु सरकार को कुछ लोगों ने पीटा, उनके गार्ड ने उन्हें मुश्किल से बचाया, घटना का वीडियो देखकर चुनाव आयोग ने तुरंत कार्यवाही की और 20 लोग गिरफ्तार हुए।
- इस तरह की चाक चौबंद व्यवस्था से जनता में भरोसा बढ़ा और मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया।
- पहले चरण में राज्य की 294 में से 154 सीटों पर मतदान हुआ। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं, खासकर महिलाओं, की लंबी कतारें देखी गई। लोगों में इससे पहले के सत्तारूढ़ दलों, वाम मोर्चा और फिर तृणमूल, का आतंक इतना ज्यादा था कि मतदान के लिए कम ही लोग बाहर निकलते थे।
- इस बार चुनाव आयोग ने प्रशासन पर पूरी तरह से नियंत्रण कर रखा था। भारी तादाद में केन्द्रीय बल तैनात किया गया। मतदान केन्द्रों पर कब्जे और फर्ज़ी मतदान पर पूर्ण अंकुश लगा दिया गया था।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो।

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। लगभग पिछले पचास वर्षों को देखें तो इस बार एक बड़ा बदलाव दिखा, पहले चरण के चुनाव में अपने मतदान अधिकार का उपयोग करने लोग बड़ी संख्या में बाहर आए।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अनेक वर्षों में पहली बार मतदान में व्यापक रक्तपात या हत्याओं जैसी घटनाएँ नहीं हुईं। केन्द्रीय बलों ने चुनाव से काफी पहले कई स्थानीय अपराधियों और गैंगस्टरों को हिरासत में ले लिया था।

तृणमूल नेता और वकील कल्याण बनर्जी ने उनकी तुरंत रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में जोरदार मुकदमा लड़ा था।

ऐसा लग रहा था, मानो लोग अपने मतों के माध्यम से इस लोकतांत्रिक अधिकार की अनदेखी का प्रतिशोध ले रहे हों, जिसे सत्तारूढ़ दलों, पहले वाम मोर्चा और बाद में तृणमूल कांग्रेस, के शासन ने नकारा था।

पहले चरण के चुनाव में 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा की 154 सीटों के लिए मतदान हुआ। विशेष रूप से, महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया, कुछ ने इसे "अभया केस", आर.जी. कर अस्पताल में युवती डॉक्टर की हत्या, के जवाब के रूप में बताया।

मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं, जो तपती धूप में धैर्यपूर्वक अपने वोट डालने के लिए इंतज़ार कर रहे थे, और पूर्व चुनावों में तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा दी गई धमकियों से आज़ाद थे। निर्वाचन आयोग ने हिंसा और मतदान केन्द्रों पर कब्ज़े या मतदाताओं को धमकाने की सभी रिपोर्टों को तुरंत ट्रैक करने में विशेष सावधानी बरती।

एक मामले में, भाजपा उम्मीदवार सुभेन्दु सरकार को कुमारगंज मतदान केन्द्र में तृणमूल के गुंडों ने बुरी तरह पीटा, और कैमरों ने उन्हें पीटते हुए कैद किया। उम्मीदवार को उनके एकमात्र गार्ड द्वारा मुश्किल से बचाया जा सका, जिसे खुद कई चोटें आईं।

भयानक हमलों से बाहर आने के बाद, सरकार और उनके बॉडीगार्ड को गांव की सड़कों पर दौड़ते हुए देखा गया और भीड़ उनका पीछा कर रही थी।

घटना की रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेजी गई, और कैमरे में कैद किए

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सुप्रीम कोर्ट ने अमित जोगी की उम्र कैद की सजा पर रोक लगाई

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। उच्चतम न्यायालय ने 2003 में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता राम अवतार जग्गी की हत्या के दोषी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को मिली उम्रकैद की सजा पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने अमित जोगी की याचिका पर ये आदेश दिया।

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र को एनसीपी नेता की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। छत्तीसगढ़

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**तुम ये कभी मत सोचो कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना तो सबसे बड़ा अधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य लोग निर्बल हैं। -स्वामी विवेकानंद**

# राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आम जन जीवन में महत्व

राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य, अपनी विशाल भूमि, रेगिस्तानी इलाकों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। यहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था न केवल राज्य की कुल जीडीपी का प्रमुख आधार है, बल्कि आम जनमानस के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग भी है। राज्य की लगभग 75 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जहां कृषि, पशुपालन, डेयरी और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियां जीवन का आधार बनाती हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्व केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यधिक है। यह आम आदमी को रोजगार, भोजन सुरक्षा और सामुदायिक एकजुटता प्रदान करती है। रेगिस्तान की कठोर परिस्थितियों में भी राजस्थानी ग्रामीण अपनी कुशलता से जीविका चला रहे हैं, जो उनकी लचीलापन और परंपरागत ज्ञान की गवाही देता है।

राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। राज्य में धान, बाजरा, ज्वार, मूंगफली, तिल और गेहूं जैसी फसलें उगाई जाती हैं। मारवाड़ क्षेत्र में बाजरा और ज्वार प्रमुख हैं, जबकि दक्षिणी राजस्थान में मक्का और सोयाबीन। वर्षा पर निर्भर खेती होने से किसान मानसून का इंतजार करते हैं, लेकिन सिंचाई परियोजनाओं जैसे इंदिरा गांधी नहर ने स्थिति बदली है। इससे जोधपुर, बाड़मेर और जैसलमेर जैसे शुष्क इलाकों में फसल उत्पादन बढ़ा है। आम किसान परिवार के लिए कृषि केवल आय का स्त्रोत नहीं, बल्कि पहचान है। एक सामान्य ग्रामीण परिवार दिन भर खेतों में मेहनत करता है। सुबह उठकर हल चलाना, बीज बोना, सिंचाई करना और कटाई करना ये कार्य पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। इससे न केवल अनाज प्राप्त होता है, बल्कि बाजार में बिक्री से नकदी भी आती है। उदयपुर जिले के एक किसान परिवार में पुरुष खेत संभालते हैं, जबकि महिलाएं घरेलू पशुओं का ध्यान रखती हैं। यह अर्थव्यवस्था परिवार को एकजुट रखती है और बच्चों को खेती के मूल्य सिखाती है। लेकिन जल संकट, मिट्टी का क्षरण और जलवायु परिवर्तन चुनौतियां पैदा करते हैं, जिनसे आम जन का जीवन प्रभावित होता है। फिर भी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था इन कष्टों के बीच आशा की किरण बनी रहती है। राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में खेती का यह चक्र आम जीवन को संतुलित रखता है, जहां हर फसल कटाई परिवार के उत्सव का कारण बनती है। किसान अपनी मेहनत से न केवल अपनी जरूरतें पूरी करते हैं, बल्कि अतिरिक्त उत्पाद बेचकर घर की मरम्मत या बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं।

पशुपालन राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। राज्य में देश का सबसे बड़ा पशुधन है लगभग 5.7 करोड़ पशु। ऊंट, भेड़, बकरी, गाय और भैंस ग्रामीणों के प्रिय साथी हैं। ऊंट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है, जो मारवाड़ में परिवहन और दूध के लिए उपयोगी है। भेड़-बकरी पालन से ऊन और मांस प्राप्त होता है, जो आदिवासी समुदायों जैसे मीणा और भील के लिए मुख्य जीविका है। डेयरी उद्योग ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। सरस जैसी सहकारी संस्था के माध्यम से किसान दूध बेचकर अच्छी आय कमाते हैं। उदाहरण के तौर पर, बीकानेर के एक चरवाहे परिवार में महिलाएं दूध निकालती हैं, पुरुष चराते हैं और बच्चे पशुओं की देखभाल सीखते हैं। इससे परिवार को नियमित आय मिलती है, जो शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च होती है। पशुपालन न केवल आर्थिक मजबूती देता है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करता है। बीमारी या सूखे के समय पशु बेचकर संकट टाला जाता है। राजस्थान सरकार की योजनाएं जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) ने स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को पशुपालन से जोड़ा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। इस प्रकार, पशुपालन आम जन के जीवन को स्थिरता और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशु मेलों का आयोजन होता है, जहां न केवल व्यापार होता है बल्कि सामाजिक संबंध भी मजबूत होते हैं। एक चरवाहा परिवार के लिए पशु धन ही सब कुछ है, जो सूखे के समय भी जीवनरक्षा का आधार बनता है।

> **डेयरी उद्योग ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। सरस जैसी सहकारी संस्था के माध्यम से किसान दूध बेचकर अच्छी आय कमाते हैं। उदाहरण के तौर पर, बीकानेर के एक चरवाहे परिवार में महिलाएं दूध निकालती हैं, पुरुष चराते हैं और बच्चे पशुओं की देखभाल सीखते हैं। इससे परिवार को नियमित आय मिलती है, जो शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च होती है। पशुपालन न केवल आर्थिक मजबूती देता है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करता है।**

हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सांस्कृतिक आयाम देते हैं। राजस्थान की प्रसिद्ध बंधेज, लहरिया, साफा, जूतियां और नीली मिट्टी के बर्तन ग्रामीण कारीगरों के हाथों से बनते हैं। जोधपुर की लकड़ी की नक्काशी, उदयपुर की मिनिएचर पेंटिंग और जयपुर की जयपुरी रजाई विश्वविख्यात हैं। ये उद्योग महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को रोजगार देते हैं। एक सामान्य ग्रामीण महिला घर पर ही बंधेज साड़ियां बनाकर बाजार या पर्यटकों को बेचती है। इससे अतिरिक्त आय आती है, जो परिवार के पोषण में सहायक होती है। पर्यटन उद्योग ने इन हस्तशिल्पों को नई बाजार दिया है। उदाहरण के लिए, पुष्कर मेले में ग्रामीण कारीगर अपनी कला बेचते हैं, जो सालाना लाखों की कमाई करते हैं। लेकिन मशीनरी और सस्ते आयात से चुनौतियां हैं। फिर भी, जीआई टैग और सरकारी सहायता से ये उद्योग फल-फूल रहे हैं। हस्तशिल्प ग्रामीण जीवन को गौरव प्रदान करते हैं, क्योंकि ये राजस्थानी संस्कृति का प्रतीक हैं। कारीगर अपनी कला के माध्यम से पहचान बनाते हैं और सामुदायिक उत्सवों में भाग लेते हैं। इन उद्योगों से ग्रामीण युवा शहरों की ओर पलायन करने से बचते हैं और अपनी परंपराओं को जीवित रखते हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था आम जन के जीवन में सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। गांवों में सहकारिता का भाव प्रबल है। खेती के समय पड़ोसी एक-दूसरे की मदद करते हैं, जिसे उठान-पटान कहते हैं। पशु मेलों और हाट-बाजारों में व्यापार के साथ सामाजिक मेलजोल होता है। त्योहार जैसे तीज, गणगौर और दीपावली ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हैं-फसल कटाई के बाद मनाए जाते हैं। महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है; वे खेती, पशुपालन और हस्तशिल्प में सक्रिय हैं। इससे लिंग समानता बढ़ती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रभाव दिखता है। ग्रामीण आय से बच्चे स्कूल जाते हैं, हालांकि ड्रॉपआउट दर चिंताजनक है। स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां और पशु उत्पाद उपयोगी हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था टिकाऊ है-जैविक खेती, जल संरक्षण जैसे तालाब और जोहड़। लेकिन शहरीकरण और प्रवासन चुनौतियां हैं। युवा शहरों की ओर पलायन करते हैं, जिससे ग्रामीण परिवार विघटित होते हैं। ये सामाजिक बंधन ग्रामीण जीवन को मजबूत बनाते हैं, जहां मेहनत और सहयोग ही सफलता का मूल मंत्र है।

सरकारी प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। मनरेगा से 100 दिनों का रोजगार मिलता है, जो खेती के साथ जोड़कर उपयोगी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को सालाना 6000 रुपये मिलते हैं। डिजिटल इंडिया से ई-नाम पोर्टल पर फसलें ऑनलाइन बिकती हैं। सौर ऊर्जा परियोजनाएं रेगिस्तानी इलाकों में बिजली पहुंचा रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह चला रहा है। इन योजनाओं से आम जन का जीवन सुधरा है। उदाहरणस्वरूप, बांसवाड़ा जिले में आदिवासी महिलाओं ने डेयरी समूह बनाकर आत्मनिर्भरता हासिल की। लेकिन क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार और जागरूकता की कमी बाधाएं हैं। भविष्य में जलवायु अनुकूल कृषि, जैविक खेती और ईको-टूरिज्म ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। इन प्रयासों से ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिल रहा है।

राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था आम जन जीवन का मूल आधार है। यह न केवल आर्थिक स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, सामाजिक एकजुटता और पर्यावरण संतुलन भी बनाए रखती है। कठोर परिस्थितियों में भी राजस्थानी ग्रामीणों की मेहनत प्रेरणादायक है। यदि चुनौतियों का समाधान हो और सरकारी प्रयास प्रभावी हों, तो यह अर्थव्यवस्था राज्य को समृद्ध बनाएगी। आम जन के जीवन को सुखमय बनाने के लिए ग्रामीण विकास ही कुंजी है। यह अर्थव्यवस्था राजस्थान की आत्मा है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहेगी।

**-अतिथि संपादक,**
**अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

# सख्त निगरानी, त्वरित कार्यवाही और संवेदनशील पुलिसिंग से अपराधों की रोकथाम



जवाहर सिंह बेढम

राजस्थान में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में पिछले ढाई वर्षों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। यह सतत समीक्षा, स्पष्ट नीति और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का समन्वित प्रभाव है। विशाल भौगोलिक विस्तार और सामाजिक विविधता के साथ तेजी से विकसित हो रहे इस राज्य में अपराधों पर नियंत्रण चुनौतिपूर्ण कार्य है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप हालिया अपराध समीक्षा के आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि राजस्थान अब एक सुरक्षित और जवाबदेह शासन मॉडल की ओर अग्रसर है।

अपराध के समग्र परिदृश्य के अनुसार वर्ष 2023 से 2025 के बीच कुल अपराधों में लगभग 18.77 प्रतिशत की कमी दर्ज होना अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इतना ही नहीं, वर्ष 2024 से 2025 के बीच भी लगभग 11.96 प्रतिशत की गिरावट यह दर्शाती है कि यह सुधार निरंतर और स्थायी है। यह स्पष्ट संकेत है कि राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था को प्रशासनिक दायित्व के साथ इसे बेहतर बनाने को विशेष प्राथमिकता दी है।

इस परिवर्तन के केंद्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सक्रिय भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनके नेतृत्व में पुलिस विभाग की नियमित समीक्षा बैठकों ने पूरे तंत्र को परिणामोन्मुख बनाया है। शीर्ष स्तर से लेकर थाने तक जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और तत्परता आयी हैं। यही कारण है कि अपराध नियंत्रण अब तात्कालिक प्रतिक्रिया के साथ ही एक सुविचारित और योजनाबद्ध प्रक्रिया के रूप में लिया जा रहा है।

महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भी राज्य ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। अपराध समीक्षा के अनुसार वर्ष 2023 से 2025 के बीच कुल महिला अत्याचार के मामलों में लगभग 9.94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दुष्कर्म (बालिग) के मामलों में 21 प्रतिशत से अधिक गिरावट और छेड़छाड़ के मामलों में भी कमी यह दर्शाती है कि पुलिस की संवेदनशीलता और सख्ती दोनों साथ-साथ काम कर रही हैं। साथ ही व्यापक जागरूकता अभियान, महिला सुरक्षा कार्यक्रम और सामुदायिक सहभागिता की बढ़ावा देने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

पॉक्सो जैसे संवेदनशील मामलों में भी राज्य ने एक नई दिशा प्रस्तुत की है। इन मामलों में पुलिस को विशेष संवेदनशीलता बरतने और इन्हें सुगमता से दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इनकी जांच और निस्तारण की गति में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। वर्ष 2023 में बलात्कार मामलों की जांच में औसतन 107 दिन लगते थे, जो घटकर वर्ष 2026 (मार्च तक) में मात्र 42 दिन रह गए हैं। इसी प्रकार पॉक्सो मामलों में जांच का औसत समय 103 दिन से घटकर 40 दिन तक आ गया है। यह बदलाव प्रशासनिक दक्षता के साथ इन मामलों को विशेष गंभीरता से लेने और संवेदनशीलता बरतने का प्रमाण है।

इन मामलों की निस्तारण दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में जहां यह दर लगभग 55 प्रतिशत थी, वहीं 2026 (मार्च तक) में यह बढ़कर 85 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यह राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। स्पष्ट है कि अब अपराध दर्ज करने के साथ समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करना भी शासन की प्राथमिकता बन चुका है।

इस समग्र सुधार के पीछे पुलिस की सख्त निगरानी और लक्षित कार्यवाही की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। फरार और इनामी अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियानों में सैकड़ों अपराधियों की गिरफ्तारी, साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और नशे के विरुद्ध व्यापक अभियान आदि प्रयास मिलकर एक मजबूत कानून-व्यवस्था का आधार तैयार कर रहे हैं। पुलिस तंत्र के अंदर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भी कठोर कदम उठाए गए हैं। संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही से यह स्पष्ट संदेश है कि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से अनिवार्य है। समाज के साथ संवाद और जागरूकता अभियानों ने पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत किया है। यह अपराध नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण कारक है। तकनीकी नवाचारों का उपयोग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और फेक न्यूज पर नियंत्रण जैसे कदमों ने पुलिसिंग को आधुनिक और प्रभावी बनाया है। इससे अपराधों की रोकथाम में सहायता मिलने के साथ ही सूचना के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगा है।

समग्र रूप से देखा जाए तो राजस्थान में अपराधों में आई कमी, विशेषकर महिला अत्याचार और पोक्सो जैसे संवेदनशील मामलों में सुधार से स्पष्ट है कि राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था को एक समग्र दृष्टिकोण से देखा है। सख्ती के साथ संवेदनशीलता और त्वरित न्याय के साथ जवाबदेही को समान महत्व दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सतत समीक्षा, पुलिस की कड़ी निगरानी और समाज की सक्रिय भागीदारी से राजस्थान एक सुरक्षित राज्य के रूप में सुशासन और न्यायपूर्ण व्यवस्था का एक आदर्श मॉडल की ओर अग्रसर है।

**-जवाहर सिंह बेढम,**
**गृह राज्य मंत्री, राजस्थान**

# अनुशासनहीनता एवं सड़क दुर्घटनाएं



प्रो .कैलाश सोडाणी

रोटी, कपड़ा और मकान के पश्चात् हमारी अगली आवश्यकता परिवहन है। घर से बाहर निकलते ही हमें सड़क रूट चाहिये। थोड़ा दूर जाना हो तो वाहन भी चाहिये। आज की दुनिया में सड़क एवं परिवहन मानव जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। कुछ समय पहले तक वाहन रखना विलासिता होती थी। शहरों और गांवों के विस्तार ने कार्य-स्थल की दूरी को बढ़ावा दिया, यहीं से वाहन एक जरुरत बन गया। नागरिकों की जरुरत को देखते हुए सरकार तेजी से सड़कों का निर्माण कर रही है। यही कारण है कि भारत में सड़कों का कुल नेटवर्क लगभग 65 लाख किलोमीटर तक पहुँच चुका है, जो दुनिया में दूसरा सबसे बडा नेटवर्क है। दूसरी ओर जनता भी वाहन खरीदने में पूरी तरह से उत्साहवर्धक है। देश में 2024 में 43 लाख कारों एवं 1.89 करोड दोपहिया वाहनों की खरीद हुई। जनता की लापरवाही एवं गलती से आशीर्वाद अभिशाप में बदलता जा रहा है। अव्यवस्थित ट्राफिक प्रत्येक छोटे-मोटे शहर की आज महत्वपूर्ण समस्या है।

केन्द्रीय सड़क और परिवहन मंत्रालय के अनुसार 2023 में देश में 4,80, 583 दुर्घटनाएं हुई, 1,72,890 लोगों की जान गई। 2022 की तुलना में 4.18 प्रतिशत दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। अन्य देशों की तुलना में भारत में अभी तो वाहनों की संख्या बहुत कम है। दुनियां के कुल वाहनों में भारत का हिस्सा मात्र एक प्रतिशत है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का प्रतिशत 11 है। नि:सन्देह स्थिति गम्भीर एवं दर्दनाक है। दुनियाँ के मुकाबले इतने कम वाहनों की स्थिति में भी इतनी अधिक सड़क दुर्घटनाएँ चिन्ता एवं चुनौती का विषय है। अभी तो हमारी आर्थिक समृद्धि में होने वाली अभिवृद्धि के साथ वाहनो की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होना है।

भारत में सड़क परिवहन ही यातायात का महत्वपूर्ण घटक है। देश में 85प्रति यात्री यातायात एवं 60 प्रतिशत माल यातायात सड़क मार्ग से ही हो रहा है। सड़को एवं वाहनों की क्वालिटी में जबरदस्त सुधार के बावजूद आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। देश में वाहन चालकों की मानसिकता ट्राफिक नियमानुसार गाडी चलाने की नहीं है। शॉर्टकट के चक्कर में गलत दिशा में गाडी चलाना एवं अनावश्यक हार्न बजाना आम बात है। पैदल चलने वाले राहगीर की सुरक्षा एवं सम्मान हमारे यहाँ चालक अपना विषय ही नहीं समझते हैं। अनुशासनरहित यातायात प्रदूषण को भी बढ़ाता है।

जिस सहजता से हमारे यहाँ वाहन चलाने का लाइसेन्स प्राप्त करने की व्यवस्था है और ऐसे चालक जिन्हें ट्राफिक नियमों एवं निर्देशों की जानकारी तक नहीं है, उनसे दुर्घटना होना स्वाभाविक है। हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने के मामले में हम पूरी तरह लापरवाह हैं। सीट बेल्ट और हेलमेट की व्यवस्था हमारी सुरक्षा के लिए है, किसी यातायात मंत्री की सुरक्षा के लिए नहीं है, फिर भी हम नहीं लगाते हैं। वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थल पर खडा करने में प्राय: हमें खुशी नहीं होती है। इसका एक कारण यह भी है कि प्राय: वी.आई.पी. अपनी गाडी को नॉन-पार्किंग जोन में खडी करते हुए प्रतिष्ठा का अनुभव करते हैं। फिर यही विचार आम आदमी में भी आता है।

हमारे यहाँ एक मोटर साइकिल पर प्राय:तीन मित्रों के बैठने की परम्परा हो गई है। ऐसा लगता है जैसे अपने यहाँ तीन सवारी बैठे बिना मोटर साइकिल स्टार्ट ही नहीं होती है। सोचो, सरकार इसमें क्या करें? अपने मतदाताओं की खुशी तो नहीं छीन सकती है। अव्यवस्थित ट्राफिक के कारण अनावश्यक बन रहे स्पीड ब्रेकर हमारी गति को धीमी कर रहे हैं और दुर्घटना की वजह भी बन रहे है।

सड़क दुर्घटना का एक बडा कारण देश में अतिक्रमण के प्रति जबरदस्त लगाव एवं सम्मान भी है। मोहल्ले में सबसे ज्यादा अतिक्रमण करने वाला मकान मालिक ही मोहल्ले का सबसे प्रभावशाली व्यक्ति माना जाता है। हमारे देश के दुकानदारों को माल बेचने से ज्यादा माल को सड़क पर सजाने में मजा आता है। यदि दुकानदार के पास सड़क पर सजाने के लिए सामान नहीं है तो होर्डिंग/बोड/बेंच लगाकर ही खुश होने का प्रयास करता है। बिजली एवं टेलिफोन के खम्भे भी अतिक्रमण को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

हमारे यहाँ पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम बहुत कमजोर है। परिणामस्वरूप दो एवं चार पहिया वाहनों का तेजी से इजाफा हो रहा है। उसी अनुपात से दुर्घटनाएं बढ़ ती जा रही है। इसके लिये सरकार जिम्मेदार है। सड़क दुर्घटना के मौत के इतने आंकड़ों के लिये सरकार कम, हम स्वयं ज्यादा जिम्मेदार हैं। सड़क दुर्घटनाएं हमारी अनुशासनहीनता का ही दुष्परिणाम है। एयरपोर्ट की भाँति सड़क पर भी अनुशासन चाहिये। जान जोखिम में डालकर यात्रा करना कौनसी समझदारी है? मेरा मानना है कि नियमों की अवहेलना की स्थिति में निर्धारित आर्थिक दण्ड को कई गुणा बढ़ाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। भाषण से नहीं, आर्थिक दण्ड से ही मानसिकता ठीक होगी। शान्ति से सोचिये, आखिर ट्राफिक नियमों का पालन करने में हर्ज ही क्या है? बिना देरी किये, आज से ही इस शुभ कार्य को प्रारम्भ कीजिये।

**-प्रो .कैलाश सोडाणी,**
**पूर्व कुलगुरु, वर्धमान महावीर खुला विवि, कोटा**

# नाकोड़ा धाम पड़ासली में संतों का मंगल प्रवेश, 35 फीट प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

**राजसमंद, (निसं)।** श्री नाकोड़ा धाम पड़ासली में आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत जैन संतों का मंगल प्रवेश श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय पद्मभूषण रत्नसूरीश्वर महाराज, आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय निपुणरत्न सूरीश्वर महाराज एवं साध्वी भगवंत कीर्तिरेखा श्रीजी के सान्निध्य में संतों का भव्य स्वागत किया गया।

> ■ **संतों ने प्रतिमा के दर्शन कर इसे ऐतिहासिक एवं दुर्लभ स्थल बताया**

मंगल प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही, जिन्होंने जयकारों और भक्ति भाव से संतों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर 35 फीट ऊंची नाकोड़ाजी की भव्य प्रतिमा सभी के आकर्षण का केंद्र रही। संतों ने प्रतिमा के दर्शन कर इसे ऐतिहासिक एवं दुर्लभ स्थल बताया और इसकी भव्यता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक स्थल समाज में आस्था और संस्कृति के संवाहक होते हैं।




**राजसमंद के श्री नाकोड़ा धाम पड़ासली में आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव में जैन संतों का मंगल प्रवेश हुआ।**

कार्यक्रम समिति के संयोजक मनोज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस पर भगवान श्री पार्श्वनाथ से संबंधित चित्रों के माध्यम से भक्ति और कला का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया गया। इसके अंतर्गत भव्यातिभव्य चित्रकला स्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भगवान पार्श्वनाथ के जीवन प्रसंगों और शिक्षाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान संतों ने अपने प्रवचनों में धर्म, संयम और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को संस्कृति और धर्म से जोड़ने का अवसर मिलता है। साथ ही समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आयोजन स्थल पर पूरे परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है, जिससे धार्मिक वातावरण और भी भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं भी की गई हैं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रतिष्ठा महोत्सव के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। आयोजकों ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## श्रीगंगानगर में पारा 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** श्रीगंगानगर में तेज गर्मी पड़ रही है। अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण पूरे जिले में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। गर्मी का असर रात में भी जारी रहा। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार यह इस सीजन की अब तक की सबसे गर्म रात रही।

मौसम राडार स्टेशन श्रीगंगानगर पर गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार को न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री और अधिकतम 41.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। वहीं, बुधवार को तापमान 43.7 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक भीषण गर्मी और लू का अलर्ट जारी किया है। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। 26 अप्रैल के आसपास पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान आंधी और हल्की बारिश की संभावना बन रही है, जिससे तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 24 अप्रैल, 2026**

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2083, पुष्य नक्षत्र रात्रि 8:14 तक, शूल योग रात्रि 1:24 तक, विष्टि करण प्रात: 8:06 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

रवियोग रात्रि 8:14 से आरम्भ होगा। भद्रा प्रात: 8:06 तक है। आज दुर्गाष्टमी, देवी बगलामुखी जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:35 तक, लाभ-अमृत 7:35 से 10:48 तक, शुभ 12:25 से 2:02 तक, चर 5:15 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:59, सूर्यास्त 6:51

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। मानसिक तनाव दूर होगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या दूर होने लगेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नवीन व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्य योजना में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।


Hero
Hero WORLD'S NUMBER 1
MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY
FOR 25 YEARS IN A ROW
फ्यूचर लवर्स
GLAMOUR X
भारत की सबसे फ्यूचरिस्टिक 125cc
क्रूज़ कंट्रोल
कैश डिस्काउंट ₹2500^
राइड बाय वायर
3 राइड मोड्स
पैनिक ब्रेक अलर्ट
ऑल LED सेटअप
मल्टीकलर डिस्प्ले
60+ फीचर्स
एक्स-शोरूम कीमत
₹88,411#
फ्यूचर एक्सपीरियंस करें
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Also Available on:
Flipkart amazon.in
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000^ तक
HDFC BANK SBI card
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Rajasthan. ^T&C Apply.
TOLL FREE NO.
1800 266 0018
अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797,
एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: मुहाना मोटर्स, 9351591591.
FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI

# दहेज में थार गाड़ी की डिमांड पूरी नहीं हुई तो दूल्हे ने शादी से इनकार किया

## घटनाक्रम को लेकर दुल्हन पक्ष का परिवार मानसिक आघात से परेशान हैं



माण्डलगढ़ में समाजजनों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

■ दूल्हे और उसके परिवार के खिलाफ दहेज मांगने और शादी से इनकार करने के आरोप की पुलिस जांच कर रही है

**माण्डलगढ़,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले में माण्डलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के महुआ गांव में एक चौंकाने वाले मामले में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर दूल्हे द्वारा शादी से इनकार करने की घटना सामने आई है। इस घटनाक्रम को लेकर दुल्हन पक्ष के परिवार में मातम सा छाया हुआ है और मानसिक आघात से परेशान हैं। दुल्हन के पिता ने वर पक्ष के दहेज लालचियों के खिलाफ माण्डलगढ़ थाने में शिकायत दी है।

महुआ गांव की दुल्हन के पिता राजकुमार ने थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि मंगरोप गांव निवासी समधी कालू सिंह के पुत्र लोकेंद्र सिंह राठौड़ (दूल्हा) से उसकी पुत्री की शादी 20 अप्रैल 2026 को निर्धारित थी। समधी पक्ष ने शादी के 2 दिन पहले दहेज में महंगी एसयूवी विशेष रूप से महिंद्रा थार गाड़ी की मांग रखी थी। इधर महुआ में वधु पक्ष ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार शादी की तैयारियां पूरी कर ली थी। अचानक कालू सिंह और लोकेंद्र सिंह की थार गाड़ी की मांग को लेकर पीड़ित राजकुमार के परिवार में हड़कंप मच गया और पूरा परिवार सदमे में आ गया। बताया जा रहा है मंगरोप में वर पक्ष और महुआ में वधु पक्ष ने धूमधाम से विवाह करने एवं शादी की रस्में शुरू कर दी थी। अचानक दूल्हे और उसके पिता ने थार गाड़ी की मांग को लेकर शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इस अप्रत्याशित फैसले से वधु पक्ष में अफरा-तफरी मच गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। दुल्हन और उसके परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है।

घटना की सूचना मिलते ही वधु पक्ष और समाज के गणमान्य लोग मौके पर मंगरोप पहुंचे और समझाइश की कोशिश की, लेकिन दूल्हा अपने फैसले पर अड़ा रहा। इसके बाद अब मामला पुलिस तक पहुंच गया। इस घटना को लेकर समाज के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने महुआ गांव पहुँचे। वहीं रामसिंह रावणा राजपूत चमुंडा सेना तहसील अध्यक्ष, माण्डलगढ़, कालू सिंह मेहताजी का खेड़ा, भैंरुसिंह देबी सिंहजी का खेड़ा, किशन सिंह, भंवरसिंह माल का खेड़ा, शम्भूसिंह डसालिया, रामसिंह बिजौलियां, राधेश्याम सिंह रामपुरिया, प्रह्लाद सिंह, किशन सिंह, भंवर सिंह महुआ, पृथ्वीराज सिंह अमरपुरा, नाथू सिंह चौहान, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों समाजजनों ने उक्त कृत्य की निंदा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रेषित किया है।

पीड़ित पक्ष द्वारा माण्डलगढ़ थाने में शिकायत देने पर दूल्हे और उसके परिवार के खिलाफ दहेज मांगने और शादी से इनकार करने के आरोप की जांच की जा रही हैं। पुलिस के मुताबिक भारतीय कानून के तहत दहेज मांगना और इसके लिए दबाव बनाना दंडनीय अपराध है, जिसमें सख्त सजा का प्रावधान है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# गंगापुर सिटी में कार व बाइक की टक्कर में मां की मौत, बेटा घायल

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी-करौली सड़क मार्ग पर गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक महिला टीचर की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका 17 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। यह हादसा सलेमपुर और कुड़गांव के बीच हुआ।

मृतक शिक्षिका की पहचान लाटा हाउस निवासी आशा मीणा (42) पत्नी मोहन मीणा के रूप में हुई है। वह राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल रुंडी कुड़गांव में हेडमास्टर के पद पर कार्यरत थीं और हाल ही में उनका लेक्चरर पद पर पदौन्नति भी हुई थी। घटना के दिन स्कूल में उनके सम्मान का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। आशा मीणा अपने बेटे कौशिक मीणा के साथ स्कूटी से स्कूल से घर लौट रही थी। सलेमपुर के पास घाटी में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को एंबुलेंस की मदद से गंगापुर सिटी के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद आशा मीणा को मृत घोषित कर दिया। बेटे कौशिक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। आशा मीणा के शव को गंगापुर सिटी जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकट मोगड़ा-सरेचा गांव की सरहद में डंपर चालक की लापरवाही ने बाइक सवार एक युवक की जान ले ली। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में ग्रामीणों ने रास्ता रोककर प्रदर्शन किया। सूचना पर लूणी पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार सरेचा गांव का रहने वाला कैलाश पटेल (21) सुबह अपनी बाइक लेकर मोगड़ा-सरेचा मार्ग से निकल रहा था। तब एक डंपर चालक ने लापरवाही वे उसको चपेट में ले लिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलने पर ग्रामीण एकत्र हो गए और रास्ता जाम कर दिया।

## दो इनामी बदमाशों को पकड़ा

**उदयपुर,** (कासं)। कुराबड़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर सुपरविजन में कुराबड़ थाना अधिकारी तेजुसिंह मय टीम ने एनडीपीएस एक्ट में चार माह से फरार पांच पांच हजार के इनामी बदमाश नरेश पुत्र मोहनलाल तथा मुकेश पुत्र गमेरलाल निवासी भमरासिया घाटी डबोक को गिरफ्तार किया है। 27 दिसंबर 2025 को गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने प्रतिबंधित दवाईयां कोडिन को पुण्या ट्रान्सपोर्ट से जब्त कर पुष्करराज पुत्र भंवरलाल निवासी ढिमडा वल्लभनगर को गिरफ्तार किया।

# अजमेर : हत्या के प्रयास का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

## हत्या के प्रयास और लूटपाट मामले में नौ साल से फरार चल रहा था आरोपी

**अजमेर,** (कासं)। जिले में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत भिनाय थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नौ साल से फरार हत्या के प्रयास के आरोपी को जयपुर के दूदू से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि भिनाय थाना पुलिस टीम ने जयपुर ग्रामीण के दूदू गंगाती कला निवासी कमालुद्दीन को दबोच लिया। आरोपी करीब नौ साल से फरार चल रहा था। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह के निर्देश पर की गई। अभियान के तहत भिनाय थाना प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल भागचंद और ओम सिंह ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस जांच के दौरान इस मामले में पहले ही आरोपी शंकरसिंह और सलमान को गिरफ्तार किया जा चुका था। मुख्य आरोपी कमालुद्दीन लगातार फरार था, जिसके खिलाफ धारा 299 के तहत कार्रवाई की जा रही थी।

पुलिस के अनुसार 10 मार्च 2017 को ब्यावर-मसूदा के बेगलियावास निवासी परिवादी जगदीश पुत्र बालूराम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि आरोपियों ने उसके भाई के साथ गंभीर मारपीट की, हाथ-पैर तोड़ दिए और नकदी लूटकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास और लूटपाट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल का चेन्नई में निधन



शिवरतन अग्रवाल (फाइल फोटो)

■ शिवरतन अग्रवाल पत्नी के ऑपरेशन के लिए परिवार के साथ चेन्नई गए थे, वहां तबियत बिगड़ने से निधन हो गया

**बीकानेर,** (निसं)। बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे। गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

जानकारी के अनुसार, उनकी पत्नी का हाल ही में हार्ट बायपास का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। इसी कारण शिवरतन अग्रवाल परिवार सहित वहां के एक होटल में ठहरे हुए थे। बीकानेर के सार्दुलगंज के रहने वाले शिवरतन 10 दिन पहले परिवार के साथ चेन्नई गए थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शिवरतन अग्रवाल कुछ असहज महसूस कर रहे थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां उनका निधन हो गया। दिल्ली समेत देशभर में रहने वाले परिजन बीकानेर पहुंचेंगे। शुक्रवार सुबह अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। बीकानेर व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर दो बजे तक शहर का मार्केट बंद रहेगा।

शिवरतन ने अपने बेटे के नाम पर कंपनी का नाम शिवदीप फूड्स प्रोड्क्ट्स रखा था। शिवरतन अग्रवाल ने साल 1993 में बीकानेर में बीकाजी ब्रांड की स्थापना की थी। छोटे स्तर से शुरू हुआ यह कारोबार आज एक बड़े फूड ब्रांड के रूप में स्थापित है। शिवरतन अग्रवाल के निधन के बाद बीकानेर के करणी और बीछवाल इंडस्ट्रीयल एरिया में बनी फैक्टरी में प्रोडक्शन रोक दिया गया है। इसके साथ ही सप्लाई भी रोक दी गई है।

शिवरतन अग्रवाल ने केवल 8वीं तक पढ़ाई की है। उन्होंने अपने क्रिएटिव विजन से बीकाजी को एक ब्रांड बनाया। जब वे अपने बिजनेस की शुरुआत कर रहे थे तो उन्होंने कई देशों की यात्रा की। उस समय तक भुजिया केवल हाथों से ही बनाई जाती थी। शिवरतन ने मशीन से भुजिया बनाने का सेट-अप बनाया। बीकाजी भारत का पहला ऐसा ब्रांड बना जिसने मशीन से भुजिया बनाई।

केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'भुजिया सम्राट' के रूप में विख्यात शिवरतन अग्रवाल (फन्ना बाबू) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय शिवरतन अग्रवाल एक प्रतिष्ठित उद्योगपति, दूरदर्शी उद्यमी तथा समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने परिश्रम, ईमानदारी और दूरदर्शिता से न केवल व्यापार जगत में विशिष्ट पहचान बनाई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। उनके सरल, सौम्य एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार ने उन्हें जन-जन के बीच विशेष सम्मान दिलाया। अर्जुन राम मेघवाल ने आगे कहा कि शिवरतन अग्रवाल का निधन न केवल अग्रवाल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज और व्यापार जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## हादसे में शिक्षक की मौत, साथी घायल

**जोधपुर,** (कासं)। देचू थाना क्षेत्र के सरहद कनोडिया पुरोहितान के पास गुरुवार को हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार सरकारी अध्यापक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका एक अन्य साथी भी घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि फलोदी के होपारडी निवासी ओमप्रकाश की मौत हुई है। वे प्रभुपुरा स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। ओमप्रकाश अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी सामने से आए एक ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि ओमप्रकाश ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि पीछे बैठा उनका साथी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही देचू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल व्यक्ति को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतक ओमप्रकाश के शव को देचू उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और मोटरसाइकिल दोनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डूंगरपुर में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। नेशनल हाईवे 48 पर बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के भुवाली ब्रिज के पास बुधवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस के अनुसार देवल खास मनात फला निवासी प्रभुलाल पुत्र शंकरलाल मनात ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि बुधवार रात उसका भतीजा अंकित पुत्र रमेश चंद्र और उसका दोस्त प्रवेश पुत्र वाडीलाल डामोर बाइक से देवल से बिछीवाड़ा की ओर जा रहे थे। भुवाली ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें शरीर पर कई जगह चोटें आईं। एंबुलेंस से उन्हें डूंगरपुर अस्पताल लाया गया। अंकित की हालत गंभीर होने पर उसे गुजरात के अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में बलवाडा के पास उसने दम तोड़ दिया। मृतक अंकित के शव को वापस डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी लाया गया, जहां गुरुवार को पोस्टमॉर्टम किया गया। वहीं, घायल प्रवेश का इलाज डूंगरपुर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा ट्रक ड्राइवर की तलाश जारी है।

# संविधान पर छात्रा का जवाब सुनकर शिक्षा मंत्री दिलावर ने शाबाशी दी

■ निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्कूल की 7वीं क्लास की छात्रा से पूछा कि संविधान किसने बनाया था

■ इस पर छात्रा ने कहा कि पहली संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 थी और भारतीय संविधान का जनक डॉ. बीआर अंबेडकर को कहा जाता है

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर स्कूलों के दौरे पर हैं। दौरे के दौरान मंत्री ने स्कूल की 7वीं क्लास की छात्रा से पूछा कि संविधान किसने बनाया था। इस पर छात्रा ने कहा कि पहली संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 थी और भारतीय संविधान का जनक डॉ. बीआर अंबेडकर को कहा जाता है। इसे सुनकर मंत्री ने छात्रा को शाबाशी दी। इसके बाद एक छात्र ने दिलावर ने कॉपी में 7 लिखवाया। इसके बाद बच्चों से बोले कि जवाब आता है फिर घबराते क्यों हो। स्कूल से निकलते ही दिलावर जैसे ही गांव में पहुंचे तो यहां गलियों में पानी भरा देख भड़क गए और अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि सोख्ता पिट क्यों नहीं बनाया गया, ताकि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो सके।

जानकारी के अनुसार मंत्री दिलावर गुरुवार को 12:30 बजे सादुलशहर ब्लॉक के मम्मड खेड़ा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे थे। यहां दिलावर सीधे बच्चों के पास गए और उनसे सवाल पूछे। दिलावर ने 7वीं कक्षा की छात्रा से संविधान को लेकर सवाल किया तो छात्रा ने इसका आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। छात्रा ने बताया कि पहली संविधान सभा में 299 सदस्य थे और इसके निर्माता बीआर अंबेडकर थे। स्कूल के निरीक्षण के बाद शिक्षा मंत्री ने मम्मड खेड़ा गांव की गलियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगह गलियों में पानी भरा हुआ मिला। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए पूछा कि सोख्ता पिट क्यों नहीं बनाया गया, ताकि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद गंगानगर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम चौहान, एक्सईएन रमेश मैदान, कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी अरविंदर सिंह सहित शिक्षा और पंचायती राज विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खेतड़ी : घर में घुसकर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

■ गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है

**खेतड़ी,** (निसं)। जिले की मेहाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे दो हजार रूपये के इनामी व थाना स्तर के टॉप टेन बदमाश शक्तिमान उर्फ शक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस टीम ने कोटपुतली से दस्तयाब किया।

झुंझुनूं पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन एवं वृताधिकारी खेतड़ी जुल्फीकार अली के सुपरविजन में थानाधिकारी राममनोहर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह सफलता हासिल की। इस मामले में पूर्व में विकास उर्फ कालू, जलेसिंह, दीपक योगी, रामचन्द्र और विजेन्द्र उर्फ बिजली को गिरफ्तार किया जा चुका है।

प्रकरण के अनुसार, 21 जुलाई 2025 को बिस्सा नालपुर निवासी कंवरलाल (48) ने इलाज के दौरान दिए बयान में बताया था कि उसका अपने रिश्तेदारों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 20 जुलाई की रात करीब 10 बजे आरोपी दीवार फांदकर घर में घुस आए और गेट तोड़ते हुए अंदर प्रवेश कर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में कंवरलाल को गंभीर चोटें आईं, जबड़ा और दांत टूट गए। पत्नी नीशु देवी को भी बेरहमी से पीटा गया, जबकि बच्चे डर के मारे चारपाई के नीचे छिप गए। आरोपियों ने उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने नारनौल, नांगल चौधरी, बहरोड़ व अन्य स्थानों पर दबिश दी। लगातार तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर 22 अप्रैल को कोटपुतली में दबिश देकर मुख्य आरोपी शक्तिमान उर्फ शक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है।

कार्रवाई में थानाधिकारी राममनोहर, सहायक उप निरीक्षक भीमसिंह (विशेष योगदान), हेड कांस्टेबल अमरचंद और कांस्टेबल महेन्द्र की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## खेत पर सिंचाई के दौरान महिला को करंट लगा

### बयाना अस्पताल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। बयाना कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव विसखोरी में गुरुवार सुबह खेत में फसल की सिंचाई करने गई एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतका 48 वर्षीय रमीला पत्नी यादराम सुबह अपने खेत पर बोरवेल से सिंचाई करने गई थी। इसी दौरान अचानक बोरवेल में विद्युत करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में बयाना उप जिला अस्पताल लेकर गए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में बिजली व्यवस्था की लापरवाही के चलते इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सूचना मिलने पर बयाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय नगर परिषद चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक :- न.प./सफाई शाखा/2026-27/राजकाज 21604801 दिनांक :- 15/04/2025

**ई-निविदा सूचना 04 वर्ष 2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 01 कार्य की निविदा आईडी नम्बर DLB2627A0750 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

UBN Code :- DLB2627WSOB02208

राज.संवाद/सी/26/1369 आयुक्त

**कार्यालय नगर निगम पाली**

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड़-306401)

टेलीफोन :- 02932-250033 ई-मेल :-cmcpali@yahoo.co.in

क्रमांक प. 15/विद्युत/2026/ 871 दिनांक 17.07.2026

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना**

नगर निगम पाली में भण्डार/विद्युत/जनगण्ना के कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा सम्बन्धी जानकारी व अन्य शर्ते निगम कार्यालय एवं एवं वेबपार्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल व http://sppp.rajasthan.gov.in, के UBN नं . DLB2627SLRC02011, DLB2627SLRC02013, DLB2627SSRC02012 के जरीये देखी जा सकती है।

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/1404 नगर निगम, पाली

**राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

पंत कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005, Ph. 0141-2227665, 2227514

E-mail rajseedsmarketing@gmail.com , rajseedsmarketing@gov.in

CIN-U75132RJ1978SGC001781 www.rajseeds.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- एफ 6( )/विपणन/प्रतिबद्ध विक्रेता/957 दिनांक :- 13/04/2026

**प्रतिबद्ध विक्रेता नियुक्ति हेतु आमंत्रण**

वर्ष 2026-27 एवं 2027-2028 के लिये गैर अनुदानित दर पर बीजो के विक्रय के लिये राजस्थान राज्य में जिलेवार नवीन प्रतिबद्ध विक्रेताओं की नियुक्ति हेतु बीज अनुज्ञा पत्रधारी विक्रेताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। प्रतिबद्ध विक्रेता नियुक्त की प्रक्रिया वर्ष पर्यन्त जारी रहेगी। आवेदन शुल्क राशि रूपये 1000+GST है। आवेदन प्रपत्र www.rajseeds.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है अथवा निगम की इकाईयों से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं। दिशा- निर्देशानुसार आवेदन पत्र भरकर सीजन पूर्व सम्बन्धित निगम इकाईयों पर जमा किये जावेंगे तथा जो क्षेत्रीय प्रबंधकों द्वारा मुख्यालय को अग्रेषित किये जावेंगे। अधिक जानकारी के लिये इकाई के संयंत्र प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते है।

राज.संवाद/सी/26/1434 प्रबन्ध निदेशक

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक :- न.नि.भ./निर्माण/2026-27/67 दिनांक :- 16.04.2026

**ई-निविदा सूचना-02/2026-27**

नगर निगम, भरतपुर द्वारा उपयुक्त श्रेणी में एवं अन्य विभागों के "A"&"AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रकिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा दिनांक 22.04.2026 से अन्तिम दिनांक 06.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसमें टेण्डर निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in/ एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN Number:-
1. DLB2627WSOB01991 2. DLB2627WSOB01992
3. DLB2627WSOB01993 4. DLB2627WSOB01994

आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/1350 नगर निगम, भरतपुर

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/34 - 36 Date :- 20/04/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 08/2026-27**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 187.05 लाख (09 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | : 21.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 06.05.2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 21.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 06.05.2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 07.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2627WSOB00012 To ITU2627WSOB00020

अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/26/1303

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, भीनमाल (राज.)**

(कचहरी के सामने, खारी रोड़, भीनमाल-343029)

Tel.- (02969) 220003 E-mail : e_officer22@yahoo.in

क्रमांक :न.पा.भी/विकास/2026/122 दिनांकः 16.04.2026

**निविदा सूचना संख्या : ई- 01/88/2026**

नगरपालिका मंडल भीनमाल की ओर से निर्माण कार्य के लिए नगरपालिका एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत सगंठनों व अन्य विभागों द्वारा पंजीकृत उपयुक्त वर्ग के ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा में वर्णित कुल कार्य 01 है,जिसकी अनुमानित लागत 149.95 लाख है।

उक्त निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इस निविदओं में भाग लेने वाले संवेदक इलैक्ट्रोनिक फारमेट से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निर्धारित दिनांक तक निविदा हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज अपलोड किये जा सकेगे। उक्त निविदाओं का प्रकाशन वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी किया गया है।

NIB No. DLB2627A0580

| Sr.No. | Work No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 01 | (DLB2627WSOB01788) |

अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/26/1326 नगरपालिका मंडल, भीनमाल

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बृजनगर (डीग) राज0**

क्रमांक/न.पा.बृज.न /स्टोर/निविदा/2026-27/172 दिनांक :- 16.04.2026

**ई-निविदा संख्या - 05/2026-27**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं विवरण | नगर पालिका बृजनगर में स्टोर सम्बन्धित कार्य |
| निविदा की कुल लागत | 15.00 लाख रूपये |
| धरोहर राशि | कार्य के सामने अंकित राशि की (डी.डी.) |
| निविदा शुल्क | कार्य के सामने अंकित राशि की (डी.डी.) |
| प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य के सामने अंकित राशि की (डी.डी.) |
| ऑन लाईन निविदा विक्रय/ डाउनलोड करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 16.04.2026 को सांयः 6:00 बजे से 25.04.2026 को सांय 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 27.04.2026 को दोपहर 4.00 बजे |

NIB Code:- DLB2627A0615
UBN No.:- DLB2627SLOB01873

उक्त निविदा कार्य की धरोहर राशि, निविदा शुल्क का पूर्ण विवरण, शर्ते, शरायतें Website www.sppp.raj.nic.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download कर प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/26/1322 नगर पालिका, बृजनगर

# पीजी-हॉस्टल के बहाने बिल्डिंग किराये पर लेकर कब्जा करने वाली गैंग का मुख्य गुर्गा गिरफ्तार

## फर्जी दस्तावेजों और कोर्ट स्टे की आड़ में मकान मालिकों को चपत लगा रहे बदमाश

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में पीजी और हॉस्टल के नाम पर बेश-कीमती बिल्डिंगें किराए पर लेकर उन्हें हड़पने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। जो फर्जी दस्तावेजों और कोर्ट स्टे की आड़ में मकान मालिकों को चपत लगा रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



आरोपी कृष्ण कुमार स्वामी

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना इलाके में पीजी और हॉस्टल के नाम पर बेशकीमती बिल्डिंगें किराये पर लेकर उन्हें हड़पने वाली एक शातिर गैंग के मुख्य सदस्य कृष्ण कुमार स्वामी (41) निवासी कोटपूतली-बहरोड़ हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी इस गिरोह में गवाह बनकर फर्जी दस्तावेजों को असली दिखाने का काम करता था। जांच में सामने आया है कि इस गैंग के खिलाफ मानसरोवर, महेश नगर और शिप्रापथ थानों में कई मामले दर्ज हैं।

थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि यह गैंग बेहद शातिर तरीके से काम करती है। गैंग के सदस्य पहले किसी मकान मालिक से पीजी चलाने के लिए बिल्डिंग किराए पर लेते हैं। इसके बाद गिरोह का ही एक सदस्य खुद को फर्जी मालिकाना हक वाला बताकर किसी तीसरे व्यक्ति के साथ

■ **पुलिस जांच में सामने आया है कि गैंग के खिलाफ मानसरोवर, महेश नगर और शिप्रापथ थानों में कई मामले दर्ज है।**

कूटरचित (फर्जी) किरायानामा तैयार करवा कर मकान मालिक को किराया देना बंद कर देते हैं और खाली करने के लिए कहने पर धमकियां देते हैं। वहीं मामला कोर्ट में ले जाकर स्टे ले आते हैं और उसी की आड में न तो किराया देते हैं और न ही कब्जा छोड़ते हैं। इस बड़ी कार्रवाई में थानाधिकारी लखन सिंह खटाना के साथ उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल दामोदर और कांस्टेबल विजयपाल व संदीप की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी अन्य मकान मालिक के साथ भी इस तरह का धोखा हुआ है तो वे तुरंत संबंधित पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। किराये पर प्रॉपर्टी देते समय किरायेदार का पूर्ण पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।

# कारों के शीशे तोड़कर कीमती सामान और लैपटॉप चुराने वाला गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी के वीआईपी इलाकों में खड़ी कारों के शीशे तोड़कर कीमती सामान और लैपटॉप पार करने वाली एक संगठित गैंग का जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के दो लैपटॉप और चार्जर बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खड़ी कारों के शीशे तोड़कर कीमती सामान और लैपटॉप पार करने वाले शातिर बदमाश आरोपी राजकुमार (37) को गिरफ्तार किया है। जो मूल रूप से टोंक के पीपलू का रहने वाला है और वर्तमान में सांगानेर (टोल टैक्स) में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया है कि गैंग के अन्य साथी विकास और उसके सहयोगी दिल्ली

■ **जवाहर सर्किल थाना पुलिस अब इस गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है**

के रहने वाले हैं। पुलिस स्कूटी नंबरों के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि गैंग के दो सदस्य पैदल चलकर कारों की रेकी करते थे। जबकि एक साथी कुछ दूरी पर टू-व्हीलर लेकर खड़ा रहता था। जहां एक सदस्य राहगीरों पर नजर रखता और दूसरा पलक झपकते ही कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप निकाल लेता था। वहीं चोरी के बाद पैदल चलने वाला सदस्य आगे खड़े टू-व्हीलर सवार साथी को सामान सौंप देता और वे तुरंत मौके से फरार हो जाते थे। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर शहर में हुई अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है। इस त्वरित खुलासे में थानाधिकारी आशुतोष सिंह के साथ हेड कांस्टेबल प्रभुदयाल, इन्द्र सिंह, राजेश कुमार और कांस्टेबल मुकेश व हरिओम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अलोक सिंघल ने बताया कि जिले में कारों के शीशे तोड़कर चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए विशेष निर्देश जारी किए गए थे। जहां जवाहर सर्किल थाना इलाके में स्थित बदमाशों ने गौरव टावर के पास डी-ब्लॉक और गिरधर मार्ग (मालवीय नगर) में एक ही दिन में लैपटॉप चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए तकनीकी अनुसंधान शुरू करते हुए आरोपित को चिन्हित करते हुए धर-दबोचा।

# महिलाओं को बातों में उलझाकर गहने पार करने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी पूर्व) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिलाओं को झांसे में लेकर उसके कीमती जेवरात ठगने वाली एक शातिर गैंग के एक मुख्य सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है, जिसने जयपुर के कई इलाकों में ठगी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिलाओं को झांसे में लेकर उसके कीमती जेवरात ठगने वाली एक शातिर गैंग के एक मुख्य सदस्य सद्दाम (25) निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि यह गैंग भीड़भाड़ वाले इलाकों में अकेली महिलाओं को निशाना बनाती थी और उन्हें अपनी बातों में फंसाकर झांसा देती थी।

थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि 12 अप्रैल को सांगानेर थाने में दर्ज एक रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त हरि शंकर शर्मा के सुपरविजन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने

■ **दिल्ली गैंग से जुड़ा आरोपी सद्दाम महिलाओं को झांसे में लेकर लूटपाट करता था**

घटनास्थल और आसपास के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और हुलिये के आधार पर संदिग्धों की पहचान दिल्ली के बदमाशों के रूप में हुई। पुलिस टीम ने दिल्ली में दबिश देकर आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार किया गया। आरोपित ने प्रारंभिक पूछताछ में एसएमएस, मालवीय नगर और लाल कोठी थाना इलाके में भी वारदातें करना कबूल किया है। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ के बाद जयपुर दक्षिण जिले की भी कई वारदातों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर है और उसके अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीमें दिल्ली में छापेमारी कर रही हैं। इस सफल कार्रवाई में सांगानेर थानाधिकारी लिखमाराम के साथ हेड कांस्टेबल रामप्रकाश, कांस्टेबल दीपक और तकनीकी शाखा से गौरव की विशेष भूमिका रही। इस

# करतारपुरा में रेलवे की लॉन्ड्री से परेशान लोगों ने सांसद मंजू शर्मा को दी शिकायत

## स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को लॉन्ड्री के प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए आग्रह किया

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जयपुर के करतारपुरा क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे व सरकारी स्कूल के सामने रिहायशी कॉलोनी में बूट लॉन्ड्री की फैक्ट्रियों से परेशान स्थानीय निवासियों ने जयपुर से लोकसभा सांसद मंजू शर्मा से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान करवाने का आग्रह किया।

परेशान स्थानीय निवासियों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि रेलवे की इस लॉन्ड्री से स्थानीय जनता विशेषकर वृद्धों, महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य एवं श्वास संबंधी काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। रिहायशी इलाके में रेलवे की जमीन पर बगैर भू-रूपान्तरण कराये यह लॉन्ड्री की फैक्ट्रियां रिहायशी इलाके में होने पर भी नियमविरुद्ध प्रतिदिन निरन्तर 24 घंटे चलती हैं। स्थानीय निवासियों की शिकायत पर राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल ने भी जनवरी में लॉन्ड्री का निरीक्षण किया और अनेक गंभीर खामियां पाई, जिसपर रेलवे को नोटिस भी जारी किया हुआ है। प्रदूषण मंडल से बगैर अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं यहां



करतारपुरा के निवासियों ने सांसद मंजू शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

लगे हुए बॉयलर पर नियमानुसार ईटीपी का प्रावधान भी नहीं है। फैक्ट्री का प्रदूषित एवं केमिकल मिला हुआ वेस्ट जल भी द्रव्यवती की सहायक करतारपुरा नाले में छोड़ा जाता है जो आगे जाकर द्रव्यवती नदी में मिलता है। इसकी चिमनी से आसपास की कॉलोनियों में रोजाना काफी जहरीला धुआं, मशीनों से रसायनयुक्त पानी और वायु व ध्वनि प्रदूषण फैलता है। इससे

■ **स्थानीय निवासियों की समस्या के समाधान के लिए रेलवे अधिकारियों से मीटिंग की जाएगी : मंजू शर्मा**

स्थानीय निवासी अत्यधिक परेशान है।

इस बूट लॉन्ड्री के बिल्कुल सामने महज 15 मीटर की दूरी पर ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करतारपुरा स्थित है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रोजाना प्रदूषित वायु एवं फैक्ट्री के शोर से काफी परेशान हैं एवं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर डीडी सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, सतीश कुमार, प्रकाश गुप्ता एवं गोविंद चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सांसद मंजू शर्मा को ज्ञापन देकर रेलवे की लॉन्ड्री शीघ्र हटवाने का आग्रह किया। सांसद मंजू शर्मा ने जल्द ही रेलवे अधिकारियों से मीटिंग करके रेलवे की इस लॉन्ड्री की समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है।

## सार-समाचार

### डॉ. अनूप बाली होंगे सम्मानित

**दिल्ली** । हिन्दी साहित्य और संस्कृति की पत्रिका बनास जन ने विख्यात आलोचक प्रो नवल किशोर की स्मृति में आलोचना सम्मान की घोषणा कर दी है। बनास जन द्वारा जारी विज्ञिप्त में बताया गया कि यह सम्मान इस वर्ष जामिया मिल्लिया इस्लामिया के युवा अध्येता डॉ अनूप कुमार बाली को उनके विनिबंध एक रचनाकार के आत्मसंघर्षों का रचनात्मक दस्तावेज़: एक साहित्यिक की डायरी और रचना-प्रक्रिया का प्रश्न पर दिया जाएगा। सम्मान के लिए गठित निर्णायक समिति के सदस्यों डॉ सत्यनारायण व्यास (चित्तौड़गढ़), प्रो माधव हाडा (उदयपुर) और डॉ. हिमांशु पंड्या (रानीवाड़ा) ने सर्वसम्मति से अनूप कुमार बाली की पांडुलिपि का चयन किया। बनास जन द्वारा उक्त विनिबंध का स्वतंत्र अंक के रूप में प्रकाशन किया जाएगा तथा सम्मान राशि भी भेंट की जाएगी। सम्प्रति दिल्ली के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जामिया मिल्लिया इस्लामिया से हिंदी साहित्य में पीएचडी कर रहे डॉ अनूप कुमार बाली विषय में आंबेडकर विश्वविद्यालय से साहित्यिक कला पर पहली पीएचडी कर चुके है।

### जूनिपर देगा स्टोर की हुई बिजली

**जयपुर** । आज के समय में सिर्फ बिजली बनाना ही काफी नहीं है, असली जरूरत है सही समय पर और लगातार बिजली मिलना। खासकर गर्मियों में, जब माँग अचानक बढ़ जाती है, तब यही सबसे बड़ी चुनौती बनती है। इसी जरूरत को समझते हुए जूनिपर ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने एक बड़ा कदम उठाया है और देश के पहले फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) प्रोजेक्ट की कमीशनिंग शुरू कर दी है। यह प्रोजेक्ट खास इसलिए है, क्योंकि इसमें 259 मेगावॉट पी सोलर, 280 मेगावॉट विंड और 200 मेगावॉट आवर बैटरी स्टोरेज को एक साथ जोड़ा गया है। आसान भाषा में समझें, तो अब सिर्फ बिजली बनाना नहीं, बल्कि उसे स्टोर करके जरूरत के समय देना भी संभव हो गया है। यही वजह है कि यह प्रोजेक्ट राजस्थान और गुजरात में फैला होने के बावजूद हरियाणा जैसे राज्यों को पीक टाइम में स्थिर और साफ बिजली देने में मदद करेगा। यह जानकारी जूनिपर ग्रीन एनर्जी के सीईओ अंकुश मलिक ने दी है।

### नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर लगाया




**जयपुर** । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं युवा शक्ति सेवा संस्थान द्वारा सीडलिंग स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के सहयोग से महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नारी के लिए न्याय नि:शुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन जगतपुरा स्थित शिवालिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं, बालिकाओ एवं समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य व चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नि:शुल्क विधिक परामर्श प्रदान करना था। महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन की अध्यक्ष दुर्गा वर्मा ने संबोधित में कहा कि सशक्त नारी से सशक्त कानून का निर्माण संभव है , जिसके माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को सुदृढ करने और उन्हें न्याय तक सहज पहुँच प्रदान करने का प्रयास किया जा सकता है । इस मौके पर युवा शक्ति सेवा संस्थान के अध्यक्ष युवराज मुंडोतिया, संयोजक प्रिंसी वर्मा, सह-संयोजक निहारिका कुमारी एवं वर्षा धाकड तथा छात्र संयोजक यश लोधा का विशेष योगदान रहा।

### 231 जवानों की ईसीजी और शुगर जांच

**जयपुर** । तपती धूप और प्रदूषण के बीच सड़कों पर तैनात रहने वाले यातायात पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जयपुर पुलिस द्वारा विशेष पहल की गई है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) योगेश गोयल के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय विशेष मेडिकल कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। यादगार स्थित सभागार भवन में आयोजित इस शिविर में जवानों के हृदय स्वास्थ्य और जीवन शैली से जुड़ी जांचे की गई। पुलिस उपायुक्त (यातायात) योगेश गोयल के अनुसार दाना शिवम हृदय एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और पुलिस लाइन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर 21 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान 231 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इसमें मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें नि:शुल्क की गईं। शिविर के अंतिम दिन एक विशेष हेल्थ सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें दाना शिवम हॉस्पिटल की टीम ने जवानों को बुनियादी जीवन रक्षक प्रणाली (बीएलएस) की जानकारी दी।

### 103 जेईएन और 59 एईएन पदोन्नत

**जयपुर** । भजनलाल सरकार ने नगरीय विकास (यूडीएच) सेवा के कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंताओं (सिविल) को पदोन्नित की सौगात दी है। इसमें 103 कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता और 59 सहायक अभियंताओं को अधिशाषी पद पर पदोन्नत किया है। पिछले 12 साल से अभियंता पदोन्नित का इंतजार कर रहे थे। पदोन्नित को लेकर अभियंताओं ने कई बार धरने-प्रदर्शन किए. तत्कालीन मंत्री-अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दिए। भाजपा की भजनलाल सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया और अभियंताओं को पदोन्ती का तोहफा दिया। सहायक अभियंताओं के पद कम होने से पदोन्नित अटकी थी। इसी के चलते पिछले वर्ष सितंबर में कैडर स्ट्रेंथ रिव्यू किया गया, रिव्यू में एईएन सिविल के पद 196 से बढ़ाकर 311 किए गए। पदों में बढ़ोतरी से इन सहायक अभियंताओं के पदोन्नित की राह खुली और नगरीय विकास विभाग ने गुरुवार को पदोन्नित के आदेश जारी किए।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

## कार में पत्नी का शव लेकर पति पहुंचा ससुराल

**जयपुर** । जयपुर के प्रताप नगर इलाके में रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके बाद पति कार में शव रखकर अपने ससुराल कोटा पहुंच गया। जिसके बाद मृतका के परिजनों ने दामाद पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। परंतु सीमा क्षेत्र के चलते कोटा स्थित रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच जयपुर के प्रताप नगर थाना पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने ससुराल पक्ष और पीहर पक्ष की मौजूदगी में महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

■ **मृतका के परिजनों ने दामाद पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। परंतु सीमा क्षेत्र के चलते कोटा स्थित रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच जयपुर के प्रताप नगर पुलिस को सौंपी है।**

■ **पुलिस ने ससुराल पक्ष और पीहर पक्ष की मौजूदगी में महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।**

रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि रतलाम निवासी वासुदेव वर्मा ने पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम को लिखित शिकायत दी थी कि जयपुर के प्रताप नगर इलाके में उसकी बेटी मीरा लोधी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उनका दामाद वीरेंद्र शव को कार में लेकर कोटा लेकर आ गया। पीड़ित वासुदेव का आरोप है कि बेटी के ससुराल वालों ने उसकी हत्या की और शव को यहां लेकर आ गए। तेजस्विनी गौतम के आदेश पर पुलिस ने जीरो नंबर की मर्ग दर्ज कर मामले की जानकारी प्रताप नगर पुलिस को दी और दोनो पक्षों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि मीरा लोधी की शादी वर्ष – 2023 में कोटा निवासी वीरेंद्र लोधी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उनके बीच मनमुटाव चल रहा था। बुधवार को वीरेंद्र ने उन्हें फोन कर बहन की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। इसके थोड़ी देर बाद दोबारा फोन आया और मौत की जानकारी दी। साथ ही कहा कि उसे कोटा लेकर आ रहा हूं। कार की पीछे वाली सीट पर शव को रखकर कोटा लेकर आ गए।

# 'दिखावे की एकता से कांग्रेस के मतभेद नहीं छिपेंगे'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट की हालिया तस्वीरों को लेकर तीखा हमला बोला है।

राठौड़ ने कहा कि सार्वजनिक रूप से साथ आकर तस्वीरें खिंचवाना कांग्रेस नेताओं की वास्तविक एकजुटता नहीं, बल्कि उनके अंदरूनी मतभेदों को छिपाने की कोशिश है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बार-बार फोटो के जरिए एकता दिखाने की कोशिश यह बताती है कि हकीकत में सब कुछ ठीक नहीं है। दिखावे की यह एकजुटता उनके आपसी मतभेदों को और उजागर कर रही है। राठौड़ ने अशोक गहलोत के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पहली बार राहुल गांधी ने एसटी, एससी और ओबीसी वर्गों के मुद्दों पर बात की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि यह बयान कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा करता है।

# धार्मिक स्थलों पर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जामडोली पुलिस ने मंदिरों को निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मंदिर की चढ़ावे की थाली से चोरी किए गए हजारों रुपए भी बरामद कर लिए हैं। वारदात के महज दो दिन के भीतर ही पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि जामडोली थाना पुलिस ने मंदिरों को निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर वांछित आरोपी श्याम बाबू (46) को पालड़ी मीना इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी श्याम बाबू कोली मूल रूप से महुवा (दौसा) का निवासी है और वर्तमान में पालड़ी मीना में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मंदिर से चुराई गई राशि भी बरामद कर ली है।

थानाधिकारी रतन सिंह कविया ने बताया कि 21 अप्रैल को परिवादी प्रदीप शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, जामडोली स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में चढ़ावे की थाली में रखे करीब 11-12 हजार रुपए अज्ञात चोर पार कर ले गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त (आदर्शनगर) लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मंदिर और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में संदिग्ध की पहचान होने के बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तलाशी अभियान चलाते हुए आरोपित को चिन्हित किया। इस त्वरित कार्रवाई में थानाधिकारी रतन सिंह कविया के साथ हेड कांस्टेबल रामसहाय, पवन कुमार और कांस्टेबल अनिल कुमार, पवन कुमार (द्वितीय), सूरज व कृष्ण कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आरपीएस को पदावनत करने पर अंतरिम रोक

## हाईकोर्ट ने एसीएस गृह, डीजीपी और पुलिस आयुक्त सहित अन्य से जवाब तलब किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस निरीक्षक को पदोन्नत कर आरपीएस बनाने के 3 माह बाद वापस निरीक्षक पद पर पदावनत करने वाले आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में एसीएस गृह, डीजीपी और पुलिस आयुक्त सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने यह आदेश लाखन सिंह खटाना की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता शोवित झाझडिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता साल 1997 में एसआई नियुक्त हुआ था। वहीं साल 2014 में उसे निरीक्षक पद पर नियुक्ति मिली। इसके बाद गत 31 दिसंबर को उसे आरपीएस की साल 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नत कर हायर पे-स्केल दे दी। इसके बाद गत एक मार्च को उसने कमिश्नरेट में आरपीएस का कार्यभार भी ग्रहण कर दिया। इस दौरान गत 17 फरवरी को हुई रिव्यू डीपीसी के आधार पर उसे 10 मार्च को बिना नोटिस दिए पुराने पद पर वापस भेज दिया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि उसके खिलाफ कार्रवाई करने से पूर्व उसका पक्ष नहीं सुना गया। ऐसे में दस मार्च का आदेश प्राकृतिक न्याय के प्रावधानों के खिलाफ है। ऐसे में इस आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने पदावनत करने वाले आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# शातिर स्कूटी चोर गैंग का पर्दाफाश

**जयपुर।** मानसरोवर पुलिस ने दुपहिया वाहन (स्कूटी) चोरी करने वाली एक शातिर स्कूटी चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार स्कूटी बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने स्कूटी चोरी करने वाली शातिर गैंग के शातिर बदमाश लक्की गुलराजानी (20) और विश्वजीत बर्मन उर्फ बाबू (27) को गिरफ्तार किया गया है और दोनो ही मानसरोवर इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई चार स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने मानसरोवर इलाके में चोरी की कई अन्य वारदातों को अंजाम देना भी कबूल किया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी लखन सिंह खटाना के साथ सहायक उप निरीक्षक जयसिंह, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल लोकेश और कांस्टेबल रामलाल व विनोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# चयन बोर्ड के उपनिदेशक सहित परीक्षार्थी को जमानत

## महिला सुपरवाइज़र भर्ती-2018 में ओएमआर शीट में छेड़छाड़ कर अंक बढ़ाने का प्रकरण

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला सुपरवाइजर भर्ती-2018 में ओएमआर शीट में छेडछाड कर अंक बढाने से जुड़े मामले में कर्मचारी चयन बोर्ड के तत्कालीन उप निदेशक संजय माथुर और परीक्षार्थी पूनम माथुर को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर ने यह आदेश दोनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि प्रकरण पर टिप्पणी किए बिना आरोपियों की जेल अवधि और पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने के आधार पर आरोपियों को जमानत देना उचित है।

जमानत याचिका में अधिवक्ता सुनील त्यागी व अन्य ने कहा कि पूनम माथुर परीक्षा में सफल अभ्यर्थी नहीं थी। इसके अलावा यह भी साबित नहीं है कि उसने सह आरोपी संजय माथुर से मिलकर ओएमआर शीट में छेडछाड कर अंक बढ़वाएं हों। इसके अलावा वह गत 17 जनवरी से जेल में है और प्रकरण में आरोप पत्र भी पेश हो चुका है। इसलिए उसे जमानत दी जाए। वहीं सह आरोपी संजय माथुर की ओर से कहा गया कि घटना के समय चयन बोर्ड का उपनिदेशक जरूर था, लेकिन उसने सह आरोपियों से मिलकर न तो ओएमआर शीट में छेडछाड की और ना ही अंक बढाए। परीक्षा की ओएमआर शीट राभव लि. कंपनी के कर्मचारियों ने चेक की थी। ऐसे में उसे जमानत दी जाए। वहीं प्रकरण के जांच अधिकारी ने अदालत को बताया पूनम के वास्तविक अंक 68 थे, जिसे बढ़ाकर 182 किया गया था। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# नकबजनी का खुलासा, शातिर आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** । चौमूं थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुई नकबजनी व चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है।

आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह नशे का आदी बताया जा रहा है। आईपीएस उषा यादव ने बताया कि शहर में लगातार बढ़ रही चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना प्रभारी हरबेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में हेड कांस्टेबल सांवरमल सहित कांस्टेबल महेश कुमार, मूलचंद और धोलूराम शामिल रहे। थाना प्रभारी हरबेंद्र सिंह ने बताया कि घटना 21 मार्च की है। परिवादी अपने गांव त्योहार मनाने गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने दुकान की पीछे की दीवार तोड़कर गोदाम में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई।




## Honouring Multilateralism for Global Peace

Observed on April 24, the International Day of Multilateralism and Diplomacy for Peace underscores the importance of collective action and dialogue among nations to address global challenges. Established by the United Nations, the day promotes cooperation, respect for international law, and the peaceful resolution of conflicts through diplomacy. In an increasingly interconnected world, multilateralism plays a crucial role in tackling issues such as climate change, security, and sustainable development. The occasion highlights the need for inclusive partnerships and strong international institutions, encouraging countries to work together to build a more stable, peaceful, and equitable global order.

#MAKHZAN AL-ASRAR

# As Many Ruined Villages As You Like...

Realizing the destruction caused by his love of war and conquest, Nushirvan is moved to reform his rule and restore justice to his lands



This Persian miniature by Ustad Behzad, titled *Nushirvan and the Owls*, depicts a moralising tale from the Makhzan al-Asrar ("Treasury of Secrets"), the first poem in the Khamsa (Quintet) of Nizami Ganjavi.

While the inscription on this specific detached folio ascribes the work to the legendary artist Kamal ud-Din Behzad, many such inscriptions were added later to enhance a work's prestige, and the British Museum identifies this particular painting as being falsely ascribed to him.

### The Story Behind the Painting

The scene illustrates a story told by the vizier (minister) to the Sasanian king Nushirvan (also known as Anoushirvan or Khosrow I).

**The Setting:** While traveling through his kingdom, the king and his vizier come across a ruined village.

**The Owls:** Two owls are perched atop a ruined building, hooting at each other.

**The Dialogue:** The king asks his vizier to translate what the birds are saying.

**The Moral:** The vizier explains that one owl is offering the other's daughter in marriage, and as a dowry, he promises as many ruined villages as the other likes. He tells the king that as long as Nushirvan remains an unjust ruler, there will be no shortage of ruined cities.

**The Outcome:** Realizing the destruction caused by his love of war and conquest, Nushirvan is moved to reform his rule and restore justice to his lands.



Ustad Behzad.

### Visual Characteristics

The painting showcases the refined style of Persian miniature art.

**Ruins:** The central focus is the crumbling brick archway, symbolising the decay of the kingdom under an unjust ruler.

**Birds:** Multiple birds are shown, including the two owls on the ruins and storks in a nest above, which add to the narrative layer of nature taking over human neglect.

**The King:** Nushirvan is depicted as a contemplative figure in the lower right, often shown with a pensive expression as he listens to the vizier's interpretation.

**Color and Detail:** Typical of the Safavid period, it uses fine pigments, gold leaf for the sky, and minute details in the foliage and architecture.





In what can only be described as a deal sealed in secrecy, the US offered the UK a way out of this debt. According to declassified documents and testimonies, the US promised that if the UK agreed to help them acquire the Chagos Archipelago, particularly Diego Garcia, the debt would be wiped clean. This economic incentive was pivotal in securing the UK's cooperation. The agreement, however, came with two strict conditions: first, the operation had to be kept secret, and second, the Chagossian population had to be removed from the islands to ensure the establishment of a military base.



Aerial view of Diego Garcia island.

# The Story of Diego Garcia and the Military Base

● Verna Mohon

The Chagossian people, an indigenous group from the Chagos Archipelago in the Indian Ocean, have a tragic history tied to the geopolitical interests of the United States and the United Kingdom. At the heart of this history is the island of Diego Garcia, which became a focal point for the establishment of a major US military base during the Cold War. This dark chapter in Chagossian history not only disrupted a peaceful and thriving community but also resulted in severe social, psychological, and cultural destruction for an entire population.

### The Chagossian Community Before Displacement

The Chagos Archipelago, composed of around 60 islands, was home to a small, self-sustained, and isolated population known as the Chagossians. The people lived on these islands for generations, subsisting on fishing and agriculture. The Chagossians spoke a Creole language, practiced Christianity, and lived a close-knit communal lifestyle. For centuries, they were the unspoken custodians of the islands.

However, this peaceful existence came to a violent halt in the late 1960s and early 1970s. In a covert operation between the British and American governments, the Chagossian people were forcibly removed from their homeland to make way for a US military base on Diego Garcia. The US needed the island as a strategic location during the Cold War, and the British government, which had sovereignty over the islands, agreed to facilitate the removal of the indigenous population.

### The Deal: UK's Debt and US Interests

The forced removal of the Chagossians was not just a matter of strategic military interests but also tied to financial deals between the US and the UK. In the 1960s, the UK was struggling with substantial national debt, including a debt of approximately $14 million to the United States. This economic burden weighed heavily on the British government, which was still recovering from the aftermath of World War II and managing its colonial legacy. In what can only be described as a deal sealed in secrecy, the US offered the UK a way out of this debt. According to declassified documents and testimonies, the US promised that if the UK agreed to help them acquire the Chagos Archipelago, particularly Diego Garcia, the debt would be wiped clean. This economic incentive was pivotal in securing the UK's cooperation. The agreement, however, came with two strict conditions: first, the operation had to be kept secret, and second, the Chagossian population had to be removed from the islands to ensure the establishment of a military base.




#THE CHAGOSSIAN PEOPLE



### The Forced Removal

The British government, under pressure from the United States, began to expel the Chagossians in 1965. Families were given little time to prepare for their displacement, and the removal was carried out under brutal conditions. Men, women, and children were forced to board ships and were sent to the island of Mauritius and Seychelles, where they had no ties and limited resources. They were left in foreign countries, often living in poverty and without the support of their traditional community structures.

Many Chagossians, having never left the Archipelago, were unable to adapt to their new lives in these distant lands. They were also stripped of their land, their homes, and their culture. This severance from their ancestral land not only caused immediate hardship but also created long-lasting trauma.



An unnamed Diego Garcian at the time of the US encampment, 1971.

### The Role of the US and UK Governments

The expulsion was not an isolated event but part of a larger strategy to build and maintain a US military presence in the Indian Ocean region. The island of Diego Garcia, strategically located between Africa, Asia, and the Middle East, became an essential military hub during the Cold War, hosting military assets, including bombers and nuclear weapons.

To ensure the base's construction, the British government provided full support to the US, including the forced removal of the Chagossians. The US, in return, made several agreements with the UK to share intelligence and military resources, further cementing the political alliance between the two nations.

Despite promises made to the Chagossians by the UK government, they were never consulted about the removal or the construction of the base. Their consent was neither sought nor considered, and the idea of negotiating on their behalf was done without their knowledge or approval.

### The Voice of Bernadette

Bernadette, one of the survivors of the forced displacement, became a powerful voice in the fight for justice for the Chagossian people. She recalls the traumatic events of being forcibly removed from Diego Garcia: "I never gave my consent to anybody to negotiate on my behalf," she says, her voice filled with the pain of being silenced and ignored by the very governments that had claimed to act in her best interests.

For years, Bernadette and other members of the Chagossian community have fought for recognition, compensation, and the right to return to their homeland. Their struggle for justice continues today, as they seek to reclaim not only their physical land but also their cultural heritage, which was decimated by the forced displacement.

### A Legacy of Injustice

In 2016, the British government rejected the right of the Chagossians to return to the islands after a 45-year legal dispute. In 2019, the International Court of Justice issued an advisory opinion stating that the United Kingdom did not have sovereignty over the Chagos Islands and that the administration of the archipelago should be handed over "as rapidly as possible" to Mauritius. Since this, the United Nations General Assembly and the International Tribunal for the Law of the Sea have reached similar decisions. China abstained in the 2019 UN vote, which was a step towards reaching an agreement to return the Chagos Archipelago to Mauritius.

In October 2024, the UK agreed to hand over the Chagos Islands to Mauritius and stated that Mauritius "will now be free to implement a programme of resettlement on the islands of the Chagos Archipelago, other than Diego Garcia." The UK will also set up a trust fund for the scattered Chagossian diaspora, now numbering 10,000. In 2021, Mauritius amended its Criminal Code to outlaw "Misrepresenting the sovereignty of Mauritius over any part of its territory," with the penalty of a fine or jail term up to 10 years but only for a "person who is acting under the authority or instructions of, or pursuant to a contract with, or with the direct or indirect financial support of, a foreign State or any organ or agency of such a State."

The story of the Chagossian people is one of displacement, trauma, and resistance. The forced removal from Diego Garcia is not just a historical event but a continuing injustice. The community's calls for justice echo around the world, asking for recognition of their rights and the restoration of what was taken from them.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#NOSTALGIA

# The Story of India's First Antiseptic Cream

"Shurobhito antiseptic cream Boroline." No Bengali simply reads these words, they sing them. Borrowed from a legendary jingle...

From a symbol of Swadeshi self-reliance to a timeless household remedy, Boroline carries with it the scent of India's history and collective memory. Encased in its unmistakable green tube, Boroline is not merely a cream, it is an emotion, deeply rooted in Bengali homes and familiar across generations of Indians.

### "Shurobhito antiseptic cream Boroline."

No Bengali simply reads these words, they sing them. Borrowed from a legendary jingle that once echoed across radio waves and television screens, the phrase translates to "a fragrant antiseptic cream, Boroline." Even today, the sight of that green tube can instantly transport a Bengali, anywhere in the world, back to childhood, home, and care. More often than not, Boroline travels abroad tucked safely inside suitcases, just in case.

For many, Boroline is inseparable from memories of scraped knees, minor burns, winter-dry skin, and a grandmother's confident touch. In countless households, it was the first response to cuts, bruises, swelling, or cracked heels. Its healing reputation was never questioned; it simply worked. Long before modern skincare flooded the market, Boroline quietly earned trust through everyday use.

### Origins and Swadeshi Roots

Boroline was launched in 1929 in Kolkata by Gour Mohon Dutta, a member of the city's merchant community, who founded GD Pharmaceuticals with a vision of manufacturing high-quality Indian medicinal products. This was a time when the freedom struggle was not only political but economic. While some resisted colonial rule through protest, others embraced self-reliance as resistance. Boroline emerged from this ethos, becoming a tangible expression of the Swadeshi movement. Formulated with boric acid, zinc oxide (jasad bhasma), lanolin, paraffin, perfume, and essential oils, Boroline was marketed as an antiseptic Ayurvedic cream. Its moss-green tube soon became a fixture in Indian homes, transcending regional and cultural boundaries. From frostbite relief in Kashmir to sun protection in southern India, Boroline proved its versatility and dependability across climates.




### Cultural Presence and Advertising Legacy

Vintage Boroline advertisements, both in English and Bengali, played a vital role in shaping its identity. Hand-drawn illustrations, poetic language, and traditional imagery portrayed Boroline as a symbol of family care, trust, and everyday healing. Unlike modern beauty advertising, Boroline's messaging focused on protection rather than perfection. Over time, these ads helped transform the cream into a Bengali cultural archetype, associated with tradition, reassurance, and home.




### Beyond Commerce: A Brand with a Conscience

After Independence, Boroline's significance extended beyond business. GD Pharmaceuticals embraced social responsibility by supporting underprivileged patients, funding medical treatments for children, and adopting environmentally conscious practices such as recyclable packaging and plantation initiatives near its Kolkata facilities. The brand aligned itself with nation-building, reinforcing its people-first identity.

### Evolution Without Losing Essence

While Boroline remains the flagship product, the brand has expanded to include products like Suthol, Eleen hair oil, Glosoft face wash, and Penorub. Yet, despite changing consumer trends and fierce competition from multinational brands, Boroline has retained its original formulation, purpose, and packaging. Adhering to Good Manufacturing Practices (GMP) and operating fully automated facilities, the brand balances tradition with modern standards.

### Boroline as an Icon

Today, Boroline stands as more than India's first antiseptic cream. It represents trust, resilience, nationalism, and middle-class Bengali identity. Passed down through generations, it is a shared cultural memory, one that continues to heal, comfort, and connect people across time and borders.

Boroline is not just a product; it is a legacy. And the green tube endures, quietly reminding us of where we come from.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अनूपगढ़ : छात्र की आत्महत्या के बाद बच्चों की टीसी कटवाने स्कूल पहुंचे अभिभावक

## परिजनों ने अध्यापकों पर मानसिक प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया

- **अभिभावकों ने डीईओ अरविंद सिंह से फोन पर बात की तो डीईओ ने आश्वासन दिया है कि वे सोमवार को स्कूल आकर अभिभावकों से बातचीत करेंगे और समाधान निकालेंगे**
- **'स्कूल में 270 छात्र अध्यनरत हैं, बुधवार को स्कूल में 65 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज हुई थी, गुरुवार को यह उपस्थित घटकर मात्र 50 रह गई'**

**अनूपगढ़,** (निसं)। गांव बांडा कॉलोनी स्थित सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल में 18 अप्रैल को 12वीं कक्षा के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। मृतक के परिजनों ने स्कूल के अध्यापकों पर मानसिक प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में रोष है। हाल ही में हुई शोक सभा में कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल से हटाने का सामूहिक निर्णय लिया। इसके बाद बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों की स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) जारी करने की मांग की।

अभिभावकों ने श्रीगंगानगर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अरविंद सिंह से फोन पर बात की। डीईओ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वे सोमवार को स्कूल आकर अभिभावकों से बातचीत करेंगे और मामले का समाधान निकालेंगे। छात्र की आत्महत्या के बाद से स्कूल में छात्रों की उपस्थिति में भारी कमी आई है। कार्यवाहक प्रिंसिपल चंद्रकला ने बताया कि आज कुल 270 छात्रों में से केवल 50 छात्र ही स्कूल में उपस्थित हुए।

विनोद कुमार, लीलाधर, राजाराम गोदारा, रोहिताश, अनिल बिश्नोई, अनिल सिंवर और विक्रम धालीवाल सहित कई अभिभावकों ने बताया कि बच्चे इस घटना के बाद से भयभीत हैं और स्कूल जाने से मना कर रहे हैं। अभिभावकों ने आशंका व्यक्त की है कि जिस तरह मृतक छात्र को प्रताड़ित किया गया, उसी तरह उनके बच्चों को भी प्रताड़ित किया जा सकता है। अभिभावकों ने टीसी की मांग को लेकर जब सीबीईओ से फोन पर बात की तो उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि बीते सोमवार को जांच कमेटी के द्वारा मामले में जांच शुरू की गई है और जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि श्रीगंगानगर जिले में दो दिनों से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का दौरा है, इसलिए सभी अधिकारी इस दौर में व्यस्त है। सीबीईओ ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि तीन दिनों में दोषी टीचर्स को टर्मिनेट किया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने जब डीईओ अरविंदर सिंह से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तो उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषी अध्यापकों को सरकारी सेवा से हटाने की अनुशंसा कर सरकार को लेटर भेज दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि इस गंभीर मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

डीईओ और सीबीईओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सोमवार तक बच्चों के किसी नहीं कटवाने पर अपनी सहमति जताई है।

सरकारी स्कूल की कार्यवाहक प्रिंसिपल चंद्रकला ने बताया कि इस स्कूल में कुल 270 छात्र अध्यनरत हैं। उन्होंने बताया कि कल बुधवार को स्कूल में 65 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज हुई है और वहीं गुरुवार को यह उपस्थित घटकर मात्र 50 रह गई है।

# जोधपुर में दो सूने मकानों से जेवर और नगदी चोरी

- **पुलिस दोनों मामलों को लेकर जांच कर रही है**

**जोधपुर,** (कासं)। जिला पश्चिम के कुड़ी भगतासनी और झंवर थाना क्षेत्र में दो सूने मकानों में चोर सैंध लगाकर लाखों के आभूषण और नगदी चुरा ले गए। एक में परिवार के लोग खेतबाड़ी के लिए गए हुए थे तो दूसरे में दंपती बाहर काम पर निकल गया था। वापिस लौटे तो चोरियों का पता लगा। पुलिस दोनों मामलों को लेकर जांच कर रही है।

कुड़ी भगातसनी पुलिस ने बताया कि गंगा विहार निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रविशंकर की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था और पत्नी भी स्कूल के लिए निकल गई थी। बाद में घर के ताले टूटने का पता। घर से 3600 रूपए, चांदी की पायल जोड़ियां, बिछियां, सोने की नथ आदि चोरी हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार वह गंगाविहार में प्रथम तल पर रहता है और नीचे भूतल पर अन्य परिचित रहता है। उसके घर का दरवाजा खुला मिला था। घटना के दौरान उसका रसोईयां छुट्टी लेकर गांव गया था। रिपोर्ट में रसोईए पर भी संदेह जाहिर किया गया है। कुड़ी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दूसरी तरफ झंवर पुलिस के अनुसार राम अस्पताल के पीछे धवा निवासी पारसराम पुत्र चंद्राराम सरगरा के मकान में भी चोरी हो गई। घर में उसकी मां और छोटे भाई की पत्नी आदि रहते हैं। वह बाहर गया हुआ था और मां बहन आदि खेत पर गए हुए थे। रात को चोरों ने घर के ताले तोड़कर चोरी की। सुबह मां लौटी तो पता लगा। चोर घर से 2500 रूपए, सोने की रखड़ी, कानों की लोंग जोड़ी, 33 तोला का कंदोरा, 50 तोला का कड़ला आदि सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर झंवर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

# ट्रैक्टर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा थाना पुलिस को ट्रैक्टर चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे टॉप-10 वांछित आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि गत 18 मार्च को परिवादी ने फुलेरा थाने में ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार परिवादी का ट्रैक्टर खेत जोतने के लिए ले जाया गया था, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। बाद में 16 मार्च को खेत से ट्रैक्टर बरामद हुआ, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच और तकनीकी सहायता के सहयोग से आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए टॉप-10 वांछित आरोपी संतोष कुमार गुर्जर (29) को गिरफ्तार किया।

# 70 करोड़ की हेरोइन मिलने का मामला : सर्जरी के बाद भी युवक बेहोश

## घायल युवक की पहचान खेताराम के रूप में हुई है, जो पाली के सोजत का निवासी है

- **पुलिस इस पूरे मामले की कड़ियां जोड़ने के लिए युवक के मोबाइल और वाहन नंबर के आधार पर जांच कर रही है**
- **जिस बाइक से वह पाली से बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र तक पहुंचा, उसके नंबर से मालिक की पहचान की जा रही है**

**बीकानेर,** (निसं)। पूगल क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल युवक से जुड़े 70 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामदगी मामले में नया अपडेट सामने आया है। पीबीएम अस्पताल में युवक की न्यूरो सर्जरी की गई, लेकिन ऑपरेशन के बाद भी उसे अब तक होश नहीं आया है। ऐसे में पुलिस के लिए पूछताछ करना फिलहाल संभव नहीं हो पा रहा है। घायल युवक की पहचान खेताराम के रूप में हुई है, जो पाली जिले के सोजत का निवासी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया था। हादसे के बाद जब पुलिस ने उसकी स्कूटी की डिग्गी की जांच की तो उसमें 70 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद हुई थी। बैग में छोटे-छोटे 27 पैकेट मिले, जिनमें करीब 14 किलोग्राम हेरोइन थी। इतनी बड़ी बरामदगी के बाद मामला बेहद गंभीर हो गया है। खेताराम के सिर में गंभीर चोट होने के चलते उसकी हालत बिगड़ती गई। इसके बाद पीबीएम अस्पताल के सुपर स्पेशलिटी सेंटर में डॉ. दिनेश सोढ़ी की टीम ने उसकी न्यूरो सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद से वह अचेत है और अब तक होश में नहीं आया है। पुलिस इस पूरे मामले की कडियां जोड़ने के लिए युवक के मोबाइल और वाहन नंबर के आधार पर जांच कर रही है। जिस बाइक से वह पाली से बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र तक पहुंचा, उसके नंबर से मालिक की पहचान की जा रही है। वहीं उसके मोबाइल के जरिए संपर्कों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मोबाइल लॉक होने के कारण जांच में दिक्कत आ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने भी अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। हालांकि युवक के होश में न आने से जांच की रफ्तार प्रभावित हो रही है। पुलिस को उम्मीद है कि होश में आने के बाद उससे पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

# झुंझुनूं में युवती ने आत्महत्या की, आरोपी पर उकसाने का केस दर्ज

- **धमकियों और दबाव से मानसिक तनाव में थी युवती**

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के पिलानी थाना क्षेत्र में एकतरफा प्रेम की सनक ने एक और परिवार की खुशियां छीन ली। 24 वर्षीय युवती ने कथित रूप से मानसिक उत्पीड़न और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घटना 22 अप्रैल की शाम करीब चार बजे की है। परिजनों का आरोप है कि एक युवक लंबे समय से युवती पर घर से भागकर शादी करने का दबाव बना रहा था। युवती द्वारा इंकार करने पर वह उसे लगातार धमकियां दे रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान चल रही थी। घटना से पहले आरोपी युवक ने युवती के पिता को फोन कर कहा-अपनी बेटी को बचाओ, वह फांसी लगा रही है। यह सुनते ही पिता घबराकर घर की ओर दौड़े, लेकिन जब तक वे पहुंचे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कमरे का दृश्य देखकर परिवार सदमे में आ गया।

सूचना मिलते ही पिलानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों ने बताया कि आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उन्होंने उसके पिता को बुलाकर समझाइश भी की थी और बेटे को रोकने की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

पिलानी थानाधिकारी चंद्रभान के अनुसार पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**लूणकरणसर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड संख्या 37 में देर रात एक युवक ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना का पता सुबह मकान मालिक को चला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय सुरेंद्र के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, युवक यहां एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें सौंप दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सायबर फ्रॉड मामले में दो जनों को पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। किराए का खाता खोलकर लोगों को सायबर ठगी का पैसा अपने एकाउंट में डलवाने वाले दो लोगों के खिलाफ कुड़ी और बासनी थाने में केस दर्ज हुए हैं। आरोपी म्यूल एकाउंट से खाते में रूपए डलवा रहे थे। खातों में लाखों के ट्रांजेक्शन की शिकायतें आने पर पुलिस ने कार्रवाई की और अब गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

कुड़ी थानाधिकारी तेजकरण ने बताया कि गंगा विहार ए सेक्टर में रहने वाले शक्ति सिंह के खिलाफ सायबर फ्रॉड का केस दर्ज हुआ है। उसके खिलाफ चार शिकायतें अलग अलग स्थानों से मिली थी। उसके खातों में काफी रूपयों का ट्रांजेक्शन होना पता लगा है। खाता गत साल खोला गया था। जिसके बाद से काफी ट्रांजेक्शन हुआ है। कुड़ी थानाधिकारी तेजकरण ने बताया कि एएसआई भगवानदान की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसी आरोपी के खिलाफ बासनी पुलिस ने भी सायबर फ्रॉड का केस दर्ज किया है। इसके साथ ही रामेश्वर नगर बी सेक्टर के सत्यम श्रीवास्तव के खिलाफ बासनी में केस दर्ज हुआ है। सत्यम श्रीवास्तव और शक्ति सिंह को बासनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अब इनके खातों की जांच की जा रही है।

# 50 लाख की फिरौती मांगने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के नोहर थाना क्षेत्र में 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की पहचान आगरा निवासी आकाश निगम और शिवा सिंह उर्फ शिवा गुर्जर के तौर पर हुई है। इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

गौरतलब है कि 28 मार्च को इंदिरा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने नोहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, जब वह अपने घर के बाहर बैठा था तभी 2 युवक उसके पास आए और उससे एक व्यक्ति की हत्या करने को कहा। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी एक सक्रिय गिरोह का हिस्सा हैं, जो लोगों को धमकाकर फिरौती वसूलता है। पुलिस ने पहले मोनू, संदीप और अनिल उर्फ चोटिया नामक 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, इस मामले का मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। नोहर पुलिस ने अब मुख्य आरोपी आकाश निगम और उसके साथी शिवा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# कार में अवैध शराब पकड़ी, दो तस्करों को दबोचा

**डूंगरपुर,** (निसं)। रामसागडा थाना पुलिस ने ऑपरेशन स्वच्छता के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरी एक कार पकड़ी है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया और 11 कार्टन अवैध शराब जब्त की है।

रामसागडा थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस को एक कार से शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गेसू का वागा वीरपुर में नाकाबंदी की। मुखबिर द्वारा बताई गई एक लग्जरी कार को आते देख उसे रोकने का इशारा किया गया। कार रुकवाने के बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसमें पीछे की सीट पर अवैध शराब की पेटियां भरी मिलीं। शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध कागजात भी नहीं पाए गए। पुलिस ने मौके से दीपसिंह चौहान और जिग्नेश भाई ।को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार से 11 कार्टन अवैध शराब जब्त की है। शराब परिवहन में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले में गुजरात के शराब माफियाओं को पकडने का प्रयास कर रही है।

वहीं उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियानके दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपअधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व में गठित दल ने स्थाई वारंटी नयनेश उर्फपप्पु उर्फ चायना पुत्र चिमन भाई उर्फ सिमा व अर्जुन पुत्र तेजा को गिरफ्तार किया। आरोपी नयनेश उर्फ पप्पु उर्फ चायना राजस्थान के कई जिलो में वांटेड है तथा पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा जारी वांछित 411 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल होकर 14 वर्ष से फरार था जिसकी गुजरात पुलिस भी तलाश में थी। इसी तरह ऋषभदेव थानाधिकारी हेमंत अहारी के नेतृत्व में गठित दल ने फरार आरोपी स्थाई वारंटी सल्ला उर्फ शीला देवी पत्नी रामलाल निवासी बिलख फला गोरिम्बा ऋषभदेवहॉल मादड़ी झाड़ोल व कमला उर्फ फुली देवी पत्नी रामलाल निवासी बिलख फला गोरिम्बा ऋषभदेव हॉल खजूरी लसाड़िया जिला सलूम्बर को गिरफ्तार किया।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले में धम्बोला थाना पुलिस ने रखोडिया गांव में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह वारदात एक शादी के बिनौले के दौरान आपसी झगड़े के बाद हुई थी। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग को भी डिटेन किया है।

धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि यह घटना 20 अप्रैल को रखोडिया गांव में हुई थी। मृतक की पहचान कांति रोत निवासी रखोडिया के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी इंदिरा रोत ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंदिरा रोत गडा बाटेश्वर गांव में गई हुई थी और उनके पति कांति रोत घर पर थे। जब वह वापस लौटी, तो उनके भतीजे तकु उर्फ तेजपाल ने उन्हें घटना की जानकारी दी। तेजपाल ने बताया कि रखोडिया प्राथमिक स्कूल के पास गांव के ही कुछ लोगों ने कान्ति रोत के साथ लात-घूसों से मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। छानबीन के बाद पुलिस ने सुरेश पुत्र मोहन रोत निवासी रखोडिया और कांति पुत्र शिवा भगोरा निवासी माना तलाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने आपसी लड़ाई में हत्या की वारदात कबूल की है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है।

## हथियार सहित एक गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। पनियाला थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते अवैध हथियार व कारतूस सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि बुधवार को पुलिस को गश्त व चैकिंग के दौरान नारहेड़ा बायपास रोड़ पर बनका से करवास जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से अभियुक्त संदीप उर्फ कालू (23) पुत्र विजय कुमार नाई निवासी थनवास, पुलिस थाना नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) के कब्जे से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जप्त किया।

# अजमेर : पत्नी की हत्या के आरोपी पति को उम्रकैद

**अजमेर,** (कासं)। शहर की एससी-एसटी कोर्ट ने पत्नी की गला रेतकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 20 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है।

मामले की जानकारी देते हुए सरकारी वकील पंकज जैन ने बताया कि इलाहाबाद निवासी आरोपी रिजवान ने अपनी पत्नी शाहीन की सब्जी काटने वाले चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। यह मामला 26 अप्रैल 2021 को गंज थाना क्षेत्र का है। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 13 गवाह, 47 दस्तावेज और 11 आर्टिकल पेश किए गए। अभियोजन के अनुसार आरोपी अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। घटना के बाद जुटाए गए साक्ष्यों में पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज और आरोपी की शर्ट पर मिला खून अहम साबित हुआ। एफएसएल रिपोर्ट में शर्ट पर मिला खून मृतका के खून से मेल खाता पाया गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को घर में जाकर शर्ट बदलते और कुछ देर बाद दूसरी शर्ट पहनकर अपनी बेटी के साथ भागते हुए देखा गया। इसके अलावा हत्या में प्रयुक्त चाकू पर भी आरोपी के फिंगरप्रिंट मिले। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भरतपुर** (निस)। जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गहनौली मोड़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पत्थरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस ने मौके से चालक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना गहनौली मोड़ पुलिस ने थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर 22 अप्रैल को कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान थाना परिसर के सामने से गुजर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रुकवाया। जांच में पाया गया कि ट्रॉली में अवैध रूप से खनन किया गया पत्थर भरा हुआ था, जिसे परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चालक रामकिशन पुत्र भगवान सिंह गुर्जर, निवासी रसीलपुर थाना रूदावल को गिरफ्तार कर लिया।

## बीकानेर में लेक्चरर को दो मामलों में सजा सुनाई

**बीकानेर,** (निसं)। विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) संख्या-2 की पीठासीन अधिकारी भारती पाराशर ने 8 और 2 लाख के चेक अनादरण के दो अलग-अलग मामलों में इंजीनियरिंग कॉलेज, बीकानेर के लेक्चरर हमीद अली को दोषी करार देते हुए दो-दो वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

परिवादी मनोज कुमार सोनी ने हमीद अली के खिलाफ चेक बाउंस के दो अलग-अलग परिवाद पेश किए थे। सुनवाई के दौरान परिवादी के अधिवक्ताओं ने दलीलें पेश की, जिसके बाद कोर्ट ने हमीद अली को धारा 138 के तहत दोषी माना। कोर्ट ने आरोपी को 2 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6 माह की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। दूसरे मामले में भी आरोपी को 2 वर्ष की जेल और 2.36 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। परिवादी की ओर से गुलाबचंद मारू और श्रीभगवान मारू ने पैरवी की।

# मांगों को लेकर जे.एन.वी.यू. में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया

## प्रदर्शनकारियों ने कुलपति को 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर वि.वि. प्रशासन की विभिन्न नीतियों का विरोध किया

- **मांगों में मुख्य रूप से कुलपति सचिवालय को नए परिसर में स्थानांतरित करने पर रोक लगाने और एनईपी के तहत बंद की गई पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने की मांग शामिल है**

**जोधपुर,** (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) में सिंडिकेट की बैठक से ठीक पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने हैड ऑफिस पर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने कुलपति को 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर विवि प्रशासन की विभिन्न नीतियों का विरोध किया। इन मांगों में मुख्य रूप से कुलपति सचिवालय को नए परिसर में स्थानांतरित करने पर रोक लगाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत बंद की गई पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को स्टूडेंट्स के हित में दोबारा शुरू करने की मांग शामिल है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि कुलपति सचिवालय को न्यू कैंपस में शिफ्ट करने की प्रस्तावित प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए और इसे शहर के बीच स्थित वर्तमान मुख्य कार्यालय में ही संचालित रखा जाए, ताकि आमजन को असुविधा न हो। इसके अलावा ओल्ड कैम्पस में स्थित डिस्पेंसरी को बंद या स्थानांतरित न करने और वहां एक नई आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की भी मांग रखी गई। पुराना परिसर स्थित एकल खिडक़ी पर इंटरनेट कनेक्शन की भी मांग की गई है। मांग पत्र में एनईपी लागू होने के बाद परीक्षा के आंतरिक और बाह्य मूल्यांकन के अनुपात को वर्तमान 20:80 से हटाकर वापस 30:70 करने की मांग उठाई गई है। इसके साथ ही, फाइन आर्ट्स संकाय में गवर्नमेंट एडेड सीट्स पर प्रवेश शुरू करने, इवनिंग फैकल्टी व केएन कॉलेज में शारीरिक शिक्षा के अतिरिक्त सेक्शन और इवनिंग फैकल्टी में राजस्थानी विषय शुरू करने की मांग की गई है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डिग्री देने की तमाम प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाए और प्रवेश के दौरान मांगी जाने वाली ऑफलाइन हार्डकॉपी व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। चालान में फीस का पूरा वर्गीकरण देने, स्कॉलरशिप के लिए विस्तृत शुल्क विवरण उपलब्ध कराने और संबद्ध कॉलेजों की बढ़ाई गई फीस का रिफंड जल्द लौटाने का भी मुद्दा उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए केंद्रीय कार्यालय में उचित बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने की मांग की। परिसरों में ई-मित्र केंद्र, कैंटीन, खेल मैदान में सिंथेटिक ट्रैक, चेंजिंग रूम और भीषण गर्मी को देखते हुए पीएम ऊषा योजना के तहत कूलर या डक्ट लगवाने की मांग रखी गई।

सुरक्षा के लिहाज से परिसर के मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग करने और विशेषकर महिला छात्रावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात्रिकालीन गश्त शुरू करने व छात्रावासों में सीटें बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्लेसमेंट एजेंसी के तहत कार्यरत कुशल, अर्द्धकुशल एवं सुरक्षाकर्मियों की सूची सार्वजनिक कर पारदर्शिता लाने की भी बात कही गई।इसके अलावा, विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए आदर्श ठाम नांदड़ा कल्ला में वर्ष 2015 में निर्मित 20 आवासीय भूखंडों के फंड उपयोग की निष्पक्ष जांच करवाने और पेंशनर्स की समस्याओं का स्थायी समाधान कर पेंशन का समयबद्ध भुगतान करने की भी मांग की गई है।

## हथियार सहित तीन गिरफ्तार

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर में अवैध हथियारों सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना सदर धौलपुर द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों से आर्म्स एक्ट के तहत मुल्जिम जयराम पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी रजौरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर व मुल्जिम सूरज कुमार पुत्र जीतेन्द्र सिंह जाटव निवासी भैंसेना थाना कोतवाली धौलपुर जिला धौलपुर के कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर व दुर्गेश पुत्र सुरेन्द्र खटीक निवासी निभी थाना बसई डांग जिला धौलपुर के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर को जप्त कर तीनों मुल्जिमों को गिरफ्तार किया। वहीं मुल्जिमों के खिलाफ प्रकरण धारा आयुध अधिनियम में दर्ज कर पूछताछ जारी है।

# कार की टक्कर से एक की मौत व एक घायल

- **हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया**

**टोंक,** (निसं)। निवाई थाना क्षेत्र के लालवाड़ी चौराहे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई तथा वहीं एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार निवाई थाना क्षेत्र के लालवाड़ी चौराहे पर तेज गति से आ रही कार ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी और फिर एक पैदल चल रहे व्यक्ति को भी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पंहुचे निवाई थानाधिकारी घासीराम व थाना टीम ने घायलो को एंबुलेंस की मदद से तुरंत उपजिला अस्पताल निवाई पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें टोंक जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस बीच में टोंक ले जाते समय रास्ते में ही गम्भीर घायल बाइक सवार रामकल्याण चौधरी पुत्र श्रवण जाट निवासी भांवती ने दम तोड़ दिया तथा राहगीर सूरज पुत्र किशन बैरवा का इलाज जारी है। हादसे के बाद कार चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया तथा पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है।



दिमाग में कुछ नहीं चलता है। आज भी हर दिन मैच से पहले मैं भी कार्टून देखता हूं। अभी भी आदत है कार्टून देखने का। - वैभव सूर्यवंशी

आरआर के बल्लेबाज, टीवी पर कार्टून देखने को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** गैरी कर्स्टन



भारत को वर्ल्ड कप जीतने वाले गैरी कर्स्टन हाल ही में श्रीलंका के हेड कोच बने हैं। वहीं गैरी का लक्ष्य एक ऐसी टीम तैयार करना है जो 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में खिताब के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर सके। बतौर कोच गैरी का कार्यकाल 15 अप्रैल से शुरू हो गया है। कर्स्टन ने गुरुवार को कोलंबो में कहा कि, हम सभी प्रत्येक प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आगे कुछ बड़ी प्रतियोगिताएं खेली जानी है जिनमें 17 महीने बाद होने वाला पुरुष वनडे वर्ल्ड कप भी शामिल है। हम इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करना चाहेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम ने 18 जनवरी 2026 तक 1075 वनडे खेलकर 571 जीते हैं। सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट (15921) और वनडे (18426) में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड है।

## डॉनल्ड ट्रंप ने फीफा को ईरान की जगह इटली को वर्ल्ड कप में शामिल करने की दी सलाह!

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ छिड़े युद्ध में भले ही सीजफायर चल रहा हो। लेकिन अभी भी दोनों पक्षों में सुलह की संभावनाएं कम ही नहीं दिख रही हैं। इस बीच अमेरिका ने फीफा से आगामी फीफा वर्ल्ड कप में ईरान कि बजाए इटली को शामिल करने को कहा है। बता दें कि, इस बार फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा कर रहे हैं। ईरान ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। ये लगातार चौथी बार है जब उसकी टीम फीफा वर्ल्ड कप में क्वॉलीफाई किया है। फीफा ने ईरान के तीन ग्रुप मैचों का मेजबान अमेरिका को बनाया है, जिसके लिए ईरान लड़ाई के बाद तैयार नहीं है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक स्पेशल दूत ने कथित तौर पर ईरान की जगह इटली को रखने को कहा है। ये बात अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में पोल लियो पर टिप्पणी करने के बाद कही है। ट्रंप ने पोप लियो पर यूएस इमिग्रेशन पॉलिसी और ईरान में युद्ध के विरोध को लेकर तीखा हमला किया है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पोस्ट में पहले अमेरिकी पोप पर अपराध के मामले में कमजोर और विदेश नीति के लिए बहुत खराब होने का आरोप लगाया। इसकी सभी राजनीतिक दलों ने आलोचना की है।

## देवेंद्र क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 23 अप्रेल। अंडर-12 पिंकसिटी कप में वर्धमान क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 ओवर में 64 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। मयंक कुमावत ने सर्वाधिक 20 रन का योगदान दिया। देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी की ओर से हर्ष ने 5, राजवीर और आर्यवीर ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी ने 8 ओवर में 69 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। भूमिका ने 24 और हैप्पी ने 23 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच हर्ष को चुना गया।

## जयपुर स्पोर्ट्स ने जहीरुल हसन क्लब को रौंदा, अर्जुन का चौका



जयपुर, 23 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर स्पोर्ट्स ने जहीरुल हसन क्लब को 9 विकेट से हराया। जयपुर जिला क्रिकेट संघ के कन्वीनर राजेश कुमार ताम्बी ने बताया कि केएल सैनी स्टेडियम पर जयपुर स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर जहीरुल हसन क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जहीरुल हसन क्लब की टीम 22.5 ओवर में मात्र 82 रनों पर सिमट गई,जिसमें रियांश भाटिया ने 16 रन व युवराज सिंह ने 22 रन बनाए। जयपुर स्पोर्ट्स के लिए आशीष शर्मा ने 5 पर 2, भवानी नेगी ने 21 पर 2, अर्जुन ऋषि ने 15 पर 4, वेदांग शर्मा व विनय अमरिया ने एक – एक विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुर स्पोर्ट्स ने साकेत शर्मा के 22 रन व आशीष शर्मा के नाबाद 52 रनो से 10.5 ओवर में एक विकेट पर 85 रन बनाकर मैच जीत लिया। जहीर उल हसन क्लब की ओर से रोहन चौधरी ने 1 विकेट लिया।

# सीएसके ने मुंबई इंडियंस को हराया

## सैमसन का शतक, अकील के चार विकेट



वानखेड़े, 23 अप्रैल। चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरुवार को आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस में 104 रनों से रौंदा। सीएसके ने संजू सैमसन के शतक की बदौलत वानखेड़े स्टेडियम में 208 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में मुंबई की टीम 19 ओवर में 104 रन पर सिमट गई। स्पिनर अकील हुसैन ने घातक चौका लगाया। उन्होंने चार ओवर के स्पेल में महज 17 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने एक मेडन ओवर भी डाला। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई की शुरुआत खराब रही।

मुंबई के तीन विकेट सिर्फ 11 रन पर गिर थे, जिससे टीम उबर नहीं पाई। क्विंटन डिकॉक और कप्तान हार्दिक पांड्या समेत आठ प्लेयर दहाई अंक में नहीं पहुंचे। दानिश मालेवार, नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड का तो खाता ही नहीं खुला। सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंदों में 36 और तिलक वर्मा ने 29 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली। दोनों के बल्ले से पांच-पांच चौके निकले। सूर्या और तिलक ने चौथे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी की। यह साझेदारी 12वें ओवर में अकील ने तोड़ी थी। सीएसके के लिए नूर अहमद ने दो जबकि जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी ने एक-एक शिकार किया।

इससे पहले, पांच बार की चैंपियन चेन्नई ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन जुटाए। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 54 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 6 छक्के शामिल हैं। यह उनका मौजूदा सीजन में दूसरा और आईपीएल करियर का पांचवां शतक है। मुंबई के खिलाफ दूसरे छोर से चेन्नई का कोई भी बल्लेबाज 25 का आंकड़ा तक नहीं छू सका।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 22 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 14 रन जुटाए। कार्तिक शर्मा ने 18, जेमी ओवरटन ने 15 और सरफराज खान ने 14 रनों को योगदान दिया। शिवम दुबे के बल्ले से सिर्फ पांच रन निकले। अकील हुसैन ने नाबाद दो रन बनाए। चेन्नई ने जार सीजन में सात मैचों में तीसरी जीत हासिल की है। सीएसके अंक तालिका में तीन पायदान चढ़कर पांचवे पर पहुंच गई है। पांच बार की चैंपियन मुंबई को सात मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा।

## आईपीएल 2026 : दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी को तैयार मिचेल स्टार्क, राजस्थान के खिलाफ 1 मई को खेल सकते हैं मैच

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को बड़ी राहत मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दे दी है और वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में उपलब्ध रह सकते हैं।

स्टार्क जनवरी से कोहनी और कंधे की चोट के कारण मैदान से बाहर चल रहे थे। उन्होंने इससे पहले एशेज सीरीज के सभी पांच टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए पांच मैच भी खेले थे। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्क भारत पहुंचकर धीरे-धीरे अपनी फिटनेस और वर्कलोड बढ़ाएंगे और 1 मई को दिल्ली कैपिटल्स के लिए इस सीजन में अपना पहला मैच खेल सकते हैं।

आईपीएल के शुरुआती चरण से उनकी गैरमौजूदगी को लेकर विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठे थे। इस पर स्टार्क ने सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा दिए जा रहे विचारों और बयानों के बावजूद, मैं इस समय अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और उसे संभालने की प्रक्रिया में हूं। ऑस्ट्रेलियाई समर के दौरान मुझे इसकी गंभीरता का पूरा अंदाजा नहीं था। इन लोगों ने आईपीएल में भागीदारी को लेकर कई कड़े बयान दिए हैं और खिलाड़ियों के बारे में गलत जानकारी को तथ्यों की तरह पेश किया है। ऐसा भी दावा किया गया है कि वे मेरे शरीर को मुझसे बेहतर जानते हैं। पिछले सीजन में स्टार्क ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में 14 विकेट लेकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की थी।

## सवाई माधोपुर जिला संघ के चुनाव को लेकर खेल सचिव अर्जी पर करें पुनः सुनवाई

जयपुर, 23 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के चुनाव से जुड़े मामले में खेल सचिव की ओर से दीपक राज के रिव्यू प्रार्थना पत्र को खारिज करने वाले गत 4 मार्च के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने खेल सचिव को कहा है कि वह तीस दिन में रिव्यू प्रार्थना पत्र को तय करे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ व दीपक राज की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पियूष ने बताया कि संघ के चुनाव को लेकर खेल सचिव ने 23 नवंबर, 2023 को आदेश जारी कर सुमित गर्ग के चुनाव को यह कहते हुए सही माना था कि उसमें स्पोर्ट्स कौंसिल का ऑब्रजवर शामिल था। वहीं बाद में आरटीआई में मिली सूचना के अनुसार यह जानकारी गलत मिली। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से दायर रिव्यू प्रार्थना पत्र पर खेल सचिव ने 29 अगस्त, 2025 को सुनवाई करते हुए 23 नवंबर वाले आदेश को स्टे कर दिया।



जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग-2026 मैच के स्टूडेंट्स के टिकट 4 घंटे में बिके : टिकट नहीं मिलने युवाओं ने फाड़े बैनर और पुलिस ने चलाये डंडे।

## ओलंपिक खेलों के लिए क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। क्रिकेट के ओलंपिक में शामिल होने के बाद क्रिकेट फैंस काफी उत्साहित हैं। वहीं आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने इसे लेकर अब बड़ी जानकारी दी है। दरअसल, संजोग गुप्ता ने बताया है कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के होम ग्राउंड पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार 23 अप्रैल को शिलान्यास होगा। बता दें कि, लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स आईपीएल की केकेआर फ्रेंचाइजी की सिस्टर फ्रेंचाइजी है।

इस दौरान संजोग गुप्ता ने कहा कि, ये इतिहास का एक अहम पल है क्योंकि आज हम जिस चीज की नींव रख रहे हैं वह सिर्फ एक क्रिकेट मैदान नहीं है। हम एक वादे की नींव रख रहे हैं। एक ऐसा वादा जिसे पूरा करने में 128 साल लगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट को लॉस एंजिलिस खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी है और गुप्तान ने कहा है कि इससे इस खेल के बढ़ते प्रभाव का पता चलता है। उन्होंने कहा कि, दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी तो ये केवल घोषणा मात्र नहीं थी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने आयुष म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में लिया

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने बड़ा बदलाव करते हुए युवा बल्लेबाज़ आयुष म्हात्रे के स्थान पर तेज़ गेंदबाज़ आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया है। आयुष म्हात्रे बाएं हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ आकाश मधवाल इससे पहले मुंबई इंडियंस (2023, 2024) और राजस्थान रॉयल्स (2025) का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने अब तक 17 आईपीएल मैचों में 23 विकेट अपने नाम किए हैं। मधवाल के नाम एक शानदार पांच विकेट हॉल भी दर्ज है, जब उन्होंने अपने डेब्यू सीज़न में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में 5 रन देकर 5 विकेट झटके थे।

## बार्सिलोना ने सेल्टा विगो को 1-0 से दी मात, लामिन यामल को लगी चोट

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। एफसी बार्सिलोना ने सेल्टा विगो को अपने घर में 1-0 से हराकर ला लीगा में रियल मैड्रिड पर 9 अंकों की बढ़त बना ली। इस जीत के लिए बार्सिलोना को काफी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन वहीं टीम को लामिन यामल के रूप में बड़ा झटका लगा है। दरअसल, लामिन यामल डिफेंस को भेदते हुए गिर गए और उन्हें चोट लग गई। जिस कारण वह बाहर हो गए। सेल्टा ने पहले हाफ में काउंटर अटैक में दिक्कतें पैदा कीं लेकिन बार्सिलोना ने तब बढ़त बनाई जब यामल डिफेंस को भेदते हुए गिर गए। फॉरवर्ड को गोल में बदला, लेकिन बॉल को हिट करते समय उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई और उन्हें बाहर जाना पड़ा। स्टैंड में मेडिकल इमरजेंसी के कारण मैच 15 मिनट तक रुका रहा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे हाफ में फेरान टोरेस का एक गोल मामूली ऑफसाइड की वजह से रद्द हो गया। दूसरी तरफ डिएगो शिमोन ने कोपा डेल रे फाइनल में हार के बाद अपनी एटलेटिको मैड्रिड टीम में बड़े बदलाव किए, लेकिन उनकी टीम एल्चे से 3-2 से हार गई, जो इस जीत के साथ रेलीगेशन जोन से बाहर हो गई। एटलेटिको के लिए निको गोंजालेज ने दो गोल किए जबकि डेविड एफेंग्रुबर के गोल और आंद्रे सिल्वा की पेनल्टी से हाफटाइम तक स्कोर 2-2 हो गया।

## जसप्रीत बुमराह के लिए बीसीसीआई बना रहा है स्पेशल प्लान, वनडे सीरीज से मिलेगा आराम



नई दिल्ली, 23 अप्रैल। टीम इंडिया और दुनिया के बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अक्सर अपनी शानदार गेंदबाजी के साथ वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए भी चर्चाओं में रहते हैं। सफेद गेंद क्रिकेट में वह अक्सर नियमित तौर पर दिखते हैं लेकिन टेस्ट मैचों में वह बाहर ही रहते हैं। क्योंकि, बीसीसीआई इस बात का खासा ध्यान रखता है कि टेस्ट मैचों के कारण बुमराह का वर्कलोड ज्यादा न हो जाए। उनके अनोखे गेंदबाजी एक्शन के कारण से उनके शरीर पर ज्यादा दबाव पड़ता है। हालांकि, अब बीसीसीआई ने उनके लिए एक खास प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है। बीसीसीआई ने जसप्रीत बुमराह के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप और 2027 के वनडे वर्ल्ड कप के प्लान बनाना शुरू कर दिया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड चाहता है कि बुमराह मौजूदा डब्ल्यूटीसी साइकल के सभी टेस्ट मैच खेलें। इस दौरान भारत को कुल 9 टेस्ट मैच खेलने हैं। बता दें कि, भारत की झोली में डब्ल्यूटीसी की ट्रॉफी को छोड़कर सभी ट्रॉफियां हैं। जिस कारण टीम और बोर्ड को इसकी चाहत बनी रहती है। अब इस ट्रॉफी को भी अपनी झोली में लाने के लिए टीम इंडिया के ब्रह्मास्त्र बुमराह को हर टेस्ट में खिलाने का प्लान बना रहा है। जिसके लिए उन्हें कुछ वनडे सीरीज से आराम दिया जा सकता है। आईपीएल 2026 के बाद भारतीय टीम 6 जून से चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी लेकिन वह डब्ल्यूटीसी के साइकल में नहीं है। उसके बाद भारत को इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ भी 2-2 टेस्ट मैच खेलने हैं। अगले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत दौरे पर आएगी और दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी।

## आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में पिछड़े विराट कोहली, टॉप-5 में वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल को भी फायदा

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। बीते बुधवार को आईपीएल 2026 के 32वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स की भिड़ंत हुई। जिसे राजस्थान रॉयल्स ने 40 रनों से जीत लिया। वहीं लखनऊ की टीम 160 रन भी चेज नहीं कर पाई और सीजन की चौथी हार अपने नाम की। राजस्थान के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली को पछाड़ दिया है। जिसके बाद वैभव आईपीएल 2026 में अबतक सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। बता दें कि, वैभव सूर्यवंशी ने अभीतक खेले गए सात मैचों में 36.28 के औसत से 254 रन बटोर चुके हैं। हालांकि, 15 वर्षीय ओपनर का लखनऊ के खिलाफ बल्ला नहीं चला। उन्होंने 11 गेंदों में दो चौकों की मदद से आठ रन बनाए। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज कोहली पांचवें पायदान पर हैं। उन्होंने 6 मैचों में 267 रन बनाए हैं। डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार आठवें नंबर पर हैं उन्होंने 6 मैचों में 230 रन बनाए हैं। वहीं सूर्यवंशी के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने तीन स्थान की छलांग लगाई है। वह अब छठे नंबर पर आ गए हैं। उनके खाते में सात मुकाबलों में 49.00 के औसत से 245 रन हैं। यशस्वी ने लखनऊ के खिलाफ 12 गेंदों में 22 रन ठोके। फिलहाल ऑरेंज कैप अभिषेक शर्मा के सिर पर सजी है। अभिषेक ने सात मुकाबलों में 323 रन बनाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर एसआरएच के हेनरिक क्लासेन हैं।

## आचार संहिता उल्लंघन पर नांद्र बर्गर पर जुर्माना

लखनऊ, 23 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर आचार संहिता उल्लंघन के चलते मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ दिया गया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**सा0 नि0 वि0 खण्ड राजसमन्द जिला राजसमन्द राजस्थान**
क्रमांक : टी.एस./ निविदा/राजसमन्द /2026-27/70 दिनांक :- 17.04.2026
**निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**
**NIB CODE:- PWD2627A0173**
सड़क एवं भवन मरम्मत कार्य हेतु ईच्छुक संवेदको से निविदा दिनांक 30.04.2026 सायं 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में अन्य विवरण उपापन वेबसाईट (http://www.eproc.rajasthan.gov.in और http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल अनुमानित राशि 222.00 लाख रुपया है।
UBN No. - 1. PWD2627WSRC00759, 2. PWD2627WSRC00760
3. PWD2627WSRC00761
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड राजसमन्द
DIPR/C/7214/2026

**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**
Email IDeepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 288- 298 Date:17/4/26
**Notice Inviting Bid : 03/2026-27**
Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 27.04.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 75.00 Lacs.
UBN No PHE2627WSRC00477
*जल सीमित हैं, इसकी बचत करें।*
(Aditya Shrimali)
Executive Engineer
PHED, Distt (R) Div I Bikaner
DIPR/C/7278/2026

**कार्यालय सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर**
क्रमांकः- रामेरिसो/ माँ-योजना/2026/12417 दिनांक :- 18/04/26
**ई-बोली आमंत्रण सूचना (E-NIB No. 03/2026-27)**
चिकित्सालय में मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना/आर. जी.एच.एस. योजना के अन्तर्गत चिकित्सालय के विभिन्न विभाग में भर्ती मरीजों हेतु औषधियों के क्रय हेतु आमंत्रित निविदा (दोहरी बिड पद्धति दर संविदा) (02 वर्ष हेतु) में इच्छुक बोलीदाता दिनांक 25-04-26 से 14-05-26 सांय 05:00 बजे तक निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते है। बोली आमंत्रण सूचना की महत्वपूर्ण शर्तें व पूर्ण विवरण "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है। ई-बोलियों की कुल अनुमानित लागत 200 लाख है।
UBN NO:- MCB2627GLRC00022
सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.)
सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर
DIPR/C/7251/2026

राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML07)/2026/ई-15242
**ई-नीलामी विज्ञिप्त**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत निम्नांकित प्लॉटो के आंवटन ई-नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज का नाम | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| बालोतरा | कल्याणपुर | नेंवरी ढाणा | मेसेनरी स्टोन | 11 |
| बाड़मेर | बाड़मेर | गोरधनपुरा | मेसेनरी स्टोन | 15 |
| जोधपुर | बावडी | हरिओम नगर | सैण्ड स्टोन | 7 |
| बीकानेर | कोलायत | डेह | बॉल क्ले, सिलिकासेण्ड, बजरी, कंकर व मुर्रम | 4 |
| जोधपुर | ओसियां | बैठवासियां | सैण्ड स्टोन | 10 |
| जोधपुर | बावड़ी | कास्टी | सैण्ड स्टोन | 7 |
| चित्तौडगढ | गंगरार | अमरपुरा | ग्रेनाईट, मेसेनरी स्टोन | 17 |
| डिडवाना-कुचामन | लाडनू | बाकलिया | मेसेनरी स्टोन | 7 |
| जैसलमेर | जैसलमेर | हडडा | लाइमस्टोन (डाइमेन्सनल) | 13 |
| | | कुल प्लॉट | | 91 |

**विशेष नोटः-**
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
(महावीर प्रसाद मीणा)
निदेशक
DIPR/C/7261/2026


## स्टेट लेवल यूथ कप अंडर-17, अनंतम एकेडमी व राजीव गांधी एकेडमी जीती



जयपुर, 23 अप्रैल। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर 17 में आज खेले गए मैचों में अनंतम ने नीरजा मोदी एकेडमी को रोमांचक मैच में 1 रन से हराया तथा राजीव गांधी एकेडमी ने एस एम एस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को 3 विकेट से हराया।

अनंतम ग्राउंड पर अनंतम एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्ष परवानी के 1532रन, जय प्रताप के 43 रन व पंकज शर्मा के 85 रन व सैयद अजीम के 23 रनो से 46.5 ओवर में 351 रन बनाए। नीरजा मोदी एकेडमी के लिए आदित्य ने 44 पर 6 विकेट, युवराज सोनी व अनूप शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। जवाबी पारी में नीरजा मोदी एकेडमी की टीम यशवर्धन सिंह के 81 रन, ध्रुव गुप्ता के 81 रन, अनूप शर्मा के 52 रन, मनवीर सरावगी के 35 रनो से 49.4 ओवर में 350 रन बनाकर आउट हो गई तथा एक रन से हार का सामना करना पड़ा। अनंतम एकेडमी के लिए लोकेश शर्मा ने 64 पर 3, हर्ष परवानी ने 33 पर 2 व पंकज शर्मा ने 76 पर 2 विकेट लिए।

दूसरे मैच में आर जे 14 ग्राउंड पर एस एम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नएफ़ के 32 रन व अंकुश शर्मा के 23 रनो से 32.2 ओवर में 96 रन बनाकर आउट हो गई। राजीव गांधी एकेडमी के लिए अथर्व सिंह ने 8 पर 6 विकेट, गगन सोनी ने 24 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में राजीव गांधी एकेडमी की टीम अनिरुद्ध सिंह के 22 रन, अथर्व सिंह के 16 रनो से 16.2 ओवर में 7 विकेट पर 97 रन बनाकर मैच जीत लिया। एस एम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए मोहम्मद शादाब ने 37 पर 3, शौर्य जैन ने 12 पर 3 विकेट लिया।

## जिला संघों ने राज्य के अडर-14, अंडर-16 क्रिकेट में सुधार के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी को दिए फीडबैक : डॉ. मोहित



जयपुर, 23 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य में खेल के विकास व विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिसे राज्य के युवा खिलाड़ियों को एक उच्च स्तरीय क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर व सुलभ खेल वातावरण मिले। डॉ मोहित जसवंत यादव , संयोजक आरसीए एडहॉक कमेटी ने बताया के हमारी एडहॉक कमेटी ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही राजस्थान की क्रिकेट को पुनः पटरी पर लाने , उच्च स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर व सुविधाओं सहित सरल पारदर्शी खेल माहौल व समन्वय को विकसित करने के लिए हर स्तर पर सभी जिला संघो व खिलाडियों से समन्वय व उनके महत्वपूर्ण सुझावों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

आज आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव, सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बेनीवाल, अरिष्ट सिंघवी के साथ जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधि सुशील जैन, सचिव डूंगरपुर जिला क्रिकेट संघ, मनोज चौधरी, सचिव उदयपुर जिला क्रिकेट संघ, देवाराम चौधरी, सचिव बाड़मेर जिला क्रिकेट संघ, धर्मवीर सिंह, सचिव पाली जिला संघ के साथ आरसीए के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर व गतिविधियों के सबंध में मुलाकात कर फीडबैक व सुझाव दिए।

डा मोहित जसवंत यादव के अनुसार राज्य में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उच्च स्तर पर विकसित करने व युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल वातावरण तैयार करने के लिए सभी उपस्थित जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों ने अपने महत्वपूर्ण फीडबैक व सुझाव आरसीए एडहॉक कमेटी को दिए जिसमे राज्य की अंडर 16 - अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिताओं को मल्टी डेज फॉर्मेट में आयोजित कर राज्य के युवा प्रतिभावान खिलाडियों अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर व उच्च स्तरीय खेल वातावरण मिले व राज्य के युवा खिलाडी डेज फॉर्मेट क्रिकट के महत्व को समझते हुए अपने खेल को 20, एक दिवसीय फॉर्मेट के साथ डेज क्रिकेट के अनुरूप विकसित कर सकें।

एडहॉक सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार एडहॉक कमेटी जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों से राज्य के युवा खिलाडियों के लिए उचित अवसर व आरसीए द्वारा उनको हर स्तर पर सहायता देने का सुझाव दिवा गया. आरसीए एडहॉक कमेटी आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र में राज्य के युवा खिलाडियों को राज्य की प्रतियोगिताओं व गतिविधियों मिलने वाले - में आवश्यक बढ़ोतरी कर राज्य के युवा खिलाड़ियो के मनोबल को बढ़ने के साथ उनमे खेल के प्रति उत्साह को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है व एडहॉक कमेटी समय समय पर खिलाडियों के हितों में कार्य कर उनको हर संभव सहायता देगी।

एडहॉक सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर के अनुसार एडहॉक कमेटी आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की क्रिकेट प्रतियोगिताओं व गतिविधिओं को सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर लाकर राज्य के हर आयु वर्ग के पुरष / महिला खिलाडियों के प्रदर्शन को खेल प्रेमियों व जन जन तक पहुंचकर न केवल खिलाडियों का होंसला बढ़ाएगी साथ ही राज्य के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर व गतिविधियों को पूर्ण पारदर्शी बनाएगी।

एडहॉक कमेटी सदस्य अर्जुन बेनीवाल के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी को जिला संघो से राज्य के समस्त जिलों में आरसीए की प्रतियोगिताओं के आयोजन व जिले के खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु स्तरीय क्रिकेट मैदान की उपलब्धता के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त हुआ। एडहॉक कमेटी का प्रयास है की राज्य के सभी 33 जिला क्रिकेट संघ केंद्रों पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन व खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु स्तरीय क्रिकेट मैदान को उपलब्ध करने के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

# राजस्थान में फूड प्रोसेसिंग, स्पाइस पार्क व एग्री एक्सपोर्ट की अपार सभावनाएँ- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने जयपुर में होने वाले ग्राम 2026 में आमंत्रित करने के लिए दिल्ली में इन्वेस्टर मीट को संबोधित किया

नई दिल्ली/जयपुर, 23 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर में 23 से 25 मई तक "ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट" (ग्राम)-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत किसानों, कृषि विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और निवेशकों को एक मंच पर लाकर कृषि प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों की मजबूती पर बल दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों एवं उद्यमियों को ग्राम-2026 में भाग लेने का आमंत्रण भी दिया।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ, ग्वार, ईसबगोल व जीरे के उत्पादन में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है। दलहन उत्पादन के लिए झालावाड़ व टोंक को मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित ग्राम-2026 इन्वेस्टर मीट को संबोधित किया।*

मुख्यमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित ग्राम-2026 इन्वेस्टर मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'ग्राम' के तहत, गिरदावर सर्किल, उपखण्ड, जिला सहित प्रत्येक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि राजस्थान कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ, ग्वार, ईसबगोल और जीरे के उत्पादन में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है।

इस विविधता से फूड प्रोसेसिंग, स्पाइस पार्क और एग्री-एक्सपोर्ट जैसे क्षेत्रों में उद्यमियों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उद्यमियों को निवेश अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर कृषि क्षेत्र में करीब 44 हजार करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए गए, जिनमें से 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर भी चुका है। ग्राम-2026 इसी निवेश यात्रा को और आगे ले जाने का मंच है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहली बार पश्चिम क्षेत्रीय जोनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। दलहन उत्पादन के मामले में झालावाड़ व टोंक जिलों को मॉडल जिलों के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के तहत अहमदाबाद, हैदराबाद एवं पुणे सहित, देश के कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देश के कृषकों को नई तकनीकों की जानकारी देने के लिए आयोजित ग्राम एकीकृत अंतर्राष्ट्रीय मंच है, जहां नीति निर्माता, वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# अधिकार बचाने के लिये लोगों ने बम्पर मतदान किया -ममता

कोलकाता, 23 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण में शाम पांच बजे तक लगभग 90 प्रतिशत मतदान दर्ज होने के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे जनता के अधिकारों की लड़ाई से जोड़ते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में भारी मतदान इसलिए हो रहा है, क्योंकि लोग अपने अधिकार, पहचान और भविष्य की रक्षा के लिए मतदान केन्द्रों तक पहुंच रहे हैं। चौरंगी क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी नयना बंद्योपाध्याय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि अधिकार बचाने की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए थे, जिनमें से लाखों नाम कानूनी लड़ाई के बाद फिर से जुड़वाए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग जानते हैं कि यदि उनके अधिकारों की रक्षा नहीं हुई तो संपत्ति, पहचान, पता और रोजगार तक पर संकट आ सकता है।

# एसओजी ने फ़र्ज़ी डिग्री तैयार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

जयपुर, 23 अप्रैल। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित प्राध्यापक-हिन्दी (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी पाने की कोशिश करने वाले गिरोह के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी डिग्री तैयार करने और करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को फर्जी अंकतालिकाएं और डिग्रियां बांटी थीं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि एसओजी ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित प्राध्यापक-हिन्दी (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी दिलाने में सहयोग करने सहित, फर्जी डिग्री तैयार करने और करवाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा (55) निवासी गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है।

■ आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा पर पूर्व में भी विभिन्न विश्वविद्यालयों की फ़र्ज़ी डिग्रियाँ जारी करने के कई प्रकरण दर्ज हैं।

आरोपी शातिर जालसाज है। उसके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्रियां जारी करने के कई प्रकरण दर्ज हैं। वह लंबे समय से शिक्षा जगत में इस तरह के फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहा था।

विशाल बंसल ने बताया कि अभ्यर्थी कमला कुमारी ने पात्रता जांच के दौरान मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार (चित्तौड़गढ़) की एमए (हिन्दी) की डिग्री पेश की थी। आयोग ने जब इस डिग्री का विश्वविद्यालय से सत्यापन कराया तो सामने आया कि ऐसी कोई डिग्री वहां से जारी ही नहीं हुई है। इसके बाद मार्च 2023 में अजमेर के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच एसओजी कर रही है। जांच में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट/प्रो-प्रेसिडेंट कौशल किशोर चंद्गुल, सुशील कुमार शर्मा, उप परीक्षा नियंत्रक, कार्यालय सहायक राजेश सिंह राणावत और वीरेन्द्र सिंह के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा। जहां आरोपी ध्वज कीर्ति ने फर्जी माइग्रेशन सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र और डिग्री पर डीन व रजिस्ट्रार की फर्जी सील लगाकर स्वयं के हस्ताक्षर किए थे। मुख्य आरोपी ध्वज कीर्ति शर्मा को प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान उससे अन्य फर्जी डिग्रियों और इस गिरोह के अन्य नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि इस हाई-प्रोफाइल मामले में फर्जी डिग्री प्राप्त करने वाली मुख्य अभ्यर्थी कमला कुमारी सहित दस आरोपितों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

# पचास साल में पहली बार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गए अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश जारी किए गए। इसके बाद लगभग बीस लोग गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए। ऐसी घटनाओं पर पहले कभी इस तरह तुरन्त कार्रवाई नहीं हुई थी।

केन्द्रीय बलों की बड़ी संख्या में तैनाती और उनके संचालन की कड़ी निगरानी ने सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया पर कब्ज़ा न कर सके। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में डेरा डाले हुए हैं, उन्होंने कानून व्यवस्था और स्वतंत्र मतदान की व्यवस्था की निगरानी की।

आज मतदान में शामिल निर्वाचन क्षेत्रों में औसत उपस्थिति 92 प्रतिशत तक पहुंची, जो निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संचालन के तरीकों के अनुमोदन का संकेत देती है। यहां तक कि अनुभवी राजनीतिक विश्लेषक भी इस उच्च मतदान प्रतिशत को समझाने में कठिनाई महसूस कर रहे थे।

मतदान के असाधारण रूप से उच्च प्रतिशत ने यह स्पष्ट किया कि पहले तृणमूल कांग्रेस ने किस हद तक चुनाव मशीनरी पर कब्ज़ा कर परिणाम अपने पक्ष में बदलने का प्रयास किया था।

असाधारण उच्च मतदान प्रतिशत केवल इस तथ्य से समझाया जा सकता है कि एस आई आर के तहत मतदाता सूची से काल्पनिक, मृत और दोहरी गिनती वाले मतदाताओं को सही तरीके से हटाया गया।

पहले अधिकांश ऐसे मत शासक दलों के पक्ष में डाले जाते थे, क्योंकि वे मतदान केन्द्रों पर कब्ज़ा कर गलत मत डाल सकते थे, जिसमें राज्य पुलिस भी मदद करती थी। इस बार, निर्वाचन आयोग की सफलता इस बात में है कि उसने इस तरह की किसी भी कोशिश को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाई।

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान ऐसे करीब एक करोड़ काल्पनिक नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पूरी संशोधन प्रक्रिया का अंतिम क्षण तक विरोध किया। जहां अधिकांश राजनीतिक दलों ने गुरुवार के मतदान का स्वागत किया, वहीं तृणमूल कांग्रेस ने आम तौर पर इसका विरोध किया।

# अमित शाह ने चुनाव सभाओं में ममता बनर्जी पर निशाना साधा

कोलकाता, 23 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हुगली जिले के बलागढ़ और पुरशुरा की चुनावी सभाओं से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। शाह ने दावा किया कि पांच मई के बाद राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और तृणमूल शासन समाप्त हो जाएगा। बलागढ़ की सभा में अमित शाह ने कहा, ममता को टाटा-बाय बाय करो, सिंडिकेटबाजों को उल्टा करके सीधा किया जाएगा।

# 'ईरान से अमेरिकन जहाज पीछे हटेंगे'

## अमेरिका ने बड़ी घोषणा की और नाकाबंदी कर रहे जहाजों को पीछे हटने का आदेश दिया

वाशिंगटन/तेहरान, 23 अप्रैल। ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी के बीच अमेरिका ने बड़ी घोषणा की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बुधवार रात कहा कि नाकाबंदी में शामिल अमेरिकी सेना के दो और जहाजों को वापस लौटने (पीछे हटने) का निर्देश दिया गया है।

इस नाकाबंदी के तहत अब तक कुल 31 जहाजों को वापस लौटने को कहा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इससे पहले संघर्ष विराम बढ़ाने की भी घोषणा कर चुके हैं। बावजूद इसके, ईरान बातचीत की मेज पर नहीं लौटा है। उसने कहा कि उसे राष्ट्रपति ट्रंप की बात पर भरोसा नहीं है। इस गतिरोध के बीच ईरान को पाकिस्तान मनाने की कोशिश कर रहा है। उधर, इज़रायल के हमले में लेबनान की महिला पत्रकार की मौत हो गई है।

■ अब तक कुल 31 जहाजों को पीछे लौटने के लिए कहा गया है।

अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के खिलाफ 13 अप्रैल से की गई अमेरिकी नाकाबंदी में 10,000 से अधिक अमेरिकी सैनिक, 17 युद्धपोत और 100 से अधिक विमान शामिल हैं। कमांड के अनुसार, नाकाबंदी कर रहे अधिकांश जहाज वर्तमान में ईरानी बंदरगाह चाबहार में खड़े हैं। ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने शांति वार्ता में आई रुकावट के लिए वाशिंगटन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि देश के बंदरगाहों की नौसैनिक घेराबंदी के कारण ऐसा हुआ है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड का कहना है कि उसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य में दो विदेशी जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया और समुद्री नियमों का उल्लंघन करने पर तीसरे जहाज पर गोलीबारी की। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि तेहरान "बातचीत और समझौते" का इच्छुक है, लेकिन "वादों का उल्लंघन, घेराबंदी और धमकी ही सच्ची बातचीत में मुख्य बाधा हैं।"

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ अपने संघर्ष विराम को बढ़ाने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति का ही फैसला होगा कि यह संघर्ष विराम कब समाप्त होगा। उधर, लेबनान ने पत्रकार अमल खलील की लक्षित हत्या के लिए इज़रायल की निंदा की है। यह घटना दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम समझौते के बीच हुई है।

# एसीडी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह आदेश आरके मीणा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता अजातशत्रु मीणा और मोविल जीनवाल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने साल 2022-23 की एसई पद पर पदोन्नति को लेकर याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 1 अप्रैल, 1997 से रोस्टर रजिस्टर रखना जरूरी है। इसके बावजूद, डिस्कॉम बिना रोस्टर रजिस्टर रखे पदोन्नतियां कर रहा है। वहीं याचिका दायर करने के बाद याचिकाकर्ता को पदोन्नति से वंचित करने के लिए तीन आरोप पत्र दिए गए। जिस पर जांच कर जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट भी दे दी। इस जांच रिपोर्ट पर डीपीसी की चेयरपर्सन और अनुशासनात्मक जांच प्राधिकारी, जो कि सीएमडी भी हैं, ने कोई आदेश पारित नहीं किया और डीपीसी आयोजित कर ली। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया की पूर्व में अदालत ने सीएमडी से शपथ पत्र पेश कर रोस्टर रजिस्टर संधारित करने की जानकारी मांगी थी, लेकिन रोस्टर रजिस्टर देने के बजाय सारणीबद्ध डेटा ही दिया गया। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने एसीबी को जांच करने के आदेश दिए हैं।

# आई पैक ऑफिस में ईडी की रेड पर सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस

## ईडी के वकील सॉलिसिटर जनरल और तुषार मेहता ने कहा राज्य में कानून का शासन खत्म हो गया

नई दिल्ली, 23 अप्रैल। उच्चतम न्यायालय में आई-पैक के दफ्तर में रेड मामले पर सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बीच जोरदार बहस हुई। एक तरफ ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह खत्म हो चुका है तो वहीं पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने कोर्ट की टिप्पणियों के राजनीतिक इस्तेमाल पर आपत्ति जताई।

■ राज्य सरकार की वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा, एक राजनैतिक दल सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रहा है।

सुनवाई के दौरान, मेनका गुरुस्वामी ने सोशल मीडिया पर एक राजनीतिक दल द्वारा सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को चुनाव प्रचार के हथियार के रुप में इस्तेमाल का आरोप लगाया। उन्होंने तुषार मेहता के लहजे पर भी सवाल उठाया। तब मेहता ने कहा कि वे किसी के इशारे पर नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित कानूनी दलीलें दे रहे हैं। मेहता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एक खास पैटर्न के तहत जांच को बाधित किया जा रहा है।

मेहता ने कहा कि 8 जनवरी को कोयला तस्करी मामले की जांच के दौरान दस ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें प्रतीक जैन का आवास भी शामिल था। ईडी के मुताबिक, अवैध कोयला खनन से मिले 20 करोड़ रुपये की रकम हवाला के जरिये आई पैक को ट्रांसफर की गई। मेहता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद सैकड़ों पुलिसकर्मियों के साथ दोपहर में परिसर में घुस गईं। मुख्यमंत्री ने ईडी अधिकारियों से जबरन डिजिटल उपकरण और दस्तावेज छीन लिए और कंप्यूटर सिस्टम का बैकअप रोक दिया। इस मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय से ईडी की याचिका खारिज करने की मांग की है।

राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामा में कहा गया है कि जब इसी तरह की याचिका कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित है तो समानांतर कार्रवाई नहीं हो सकती है। हलफनामा में कहा गया है कि ईडी को उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। आई पैक के दफ्तर पर सर्च से पहले कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। राज्य सरकार ने ईडी पर प्रिविलेज्ड कम्युनिकेशन के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

# तमिलनाडु व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनिश्चित करने के लिए, आयोग ने 5,011 फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों को तैनात किया है, जिनमें 2,728 पश्चिम बंगाल और 2,283 तमिलनाडु में हैं। इन टीमों को शिकायतों पर प्रतिक्रिया 100 मिनट के भीतर देने का कार्य सौंपा गया है। इसके अलावा, 5,363 स्टैटिक सर्विलांस टीमों को दोनों राज्यों में तैनात किया गया है, जो अचानक जांच करती हैं और प्रमुख स्थानों पर नाके स्थापित करती हैं।

पिछले चुनावों से तुलना करने पर वर्तमान कार्यवाही का पैमाना स्पष्ट होता है। पश्चिम बंगाल में 2021 विधानसभा चुनावों के दौरान कुल जब्तियाँ 339.45 करोड़ रुपये और 2024 लोकसभा चुनावों में 450.64 करोड़ रुपये थीं। इन चुनावों ने इन दोनों आंकड़ों को पहले ही पार कर लिया है।

इसी प्रकार, तमिलनाडु में 2021 विधानसभा चुनावों में 446.28 करोड़ रुपये की जब्तियाँ हुईं और 2024 लोकसभा चुनावों में 555.44 करोड़ रुपये की। वर्तमान 599.24 करोड़ रुपये की कुल राशि राज्य में अब तक की सबसे बड़ ज़ब्ती है।

निर्वाचन आयोग ने प्रवर्तन एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है कि सामान्य जनता को जांच और जब्ती के दौरान असुविधा न हो। शिकायतों को सुलझाने के लिए जिला शिकायत समितियों (डिस्ट्रिक्ट ग्री वैंस कमेटीज़) का गठन भी किया गया है।

# 'होर्मुज़ नहीं खुला तो 3 करोड़ लोग गरीबी की चपेट में आ सकते हैं'

## संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि भले ही युद्ध खत्म हो जाए, पर इसका असर लम्बे समय तक रहेगा

न्यूयॉर्क, 23 अप्रैल। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने चेतावनी दी है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ से जुड़े मौजूदा संकट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे 03 करोड़ से अधिक लोग गरीबी में धकेले जा सकते हैं। यूएन का कहना है कि भले ही ईरान से जुड़ा संघर्ष तत्काल समाप्त हो जाए, इसके आर्थिक प्रभाव लंबे समय तक बने रहेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी अलेक्जेंडर डी क्रू ने बताया कि इस संकट के चलते वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 0.5 प्रतिशत से 0.8 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। इसका सबसे अधिक असर कमजोर और विकासशील देशों पर पड़ने की आशंका है, जहां पहले से ही आर्थिक दबाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा कीमतों में तेज वृद्धि और खाद्य असुरक्षा इस संकट के प्रमुख कारण हैं। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से न केवल तेल, बल्कि बड़ी मात्रा में उर्वरक भी गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग में किसी भी तरह की बाधा से कृषि उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, आने वाले महीनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। वर्तमान समय कई देशों में बुवाई का होता है। यदि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं हुआ तो सितंबर से नवंबर के बीच फसल उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। इससे खाद्य संकट गहराने और कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान, बढ़ती लागत और आर्थिक अनिश्चितता मिलकर एक व्यापक मानवीय संकट को जन्म दे सकते हैं।

■ संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम से जुड़े अफसर अलैक्ज़ैंडर डीक्रू ने कहा कि सबसे अधिक असर कमज़ोर और विकासशील देशों पर पड़ेगा।

# अमेरिका में रह रहे 40 प्रतिशत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भावना में काफी योगदान दिया है। उत्तर देने वालों में से लगभग 71 प्रतिशत ने कहा कि ट्रंप उन्होने अर्थव्यवस्था, आप्रवास और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को जैसे हैंडल किया है, वे उससे नाखुश हैं।

अमेरिका-भारत संबंधों पर कुछ आलोचना की गई है, लेकिन अधिकांश लोगों के लिए विदेश नीति बड़ी चिंता का मुद्दा नहीं है। इसके बजाय, कई लोग घरेलू राजनीति के स्वर और राष्ट्रीय कथानक को अधिक अस्वीकार्य मानते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि "अमेरिका अमेरिकियों के लिए है," ऐसी विचारधारा ने प्रवासी समुदायों, जिसमें भारतीय अमेरिकी भी शामिल हैं, को अलग-थलग सा महसूस कराया है।

भेदभाव और सामाजिक असंतोष की बढ़ती भावना भी इससे जुड़ी है। 2020 के बाद से सीधे हिंसा में बड़ा उछाल नहीं आया है, लेकिन लोग रोजमर्रा के पक्षपात, खासकर कार्यस्थल और ऑनलाइन पर, को लेकर चिंतित हैं। कई लोगों ने अपनी व्यवहारशैली बदल दी, कुछ बातचीत से बचे, या उन्होंने सार्वजनिक स्थानों में सुरक्षित महसूस नहीं किया। पहली पीढ़ी के प्रवासी और गैर-नागरिकों वाली समुदाय के लिए यह छोटा लेकिन लगातार असुविधा का अनुभव ही अमेरिका छोड़ने के विचार का बड़ा कारण है।

आर्थिक दबाव भी एक प्रमुख कारण है। अमेरिका में जीवन-यापन की बढ़ती लागत, विशेषकर बड़े शहरी और तकनीकी केन्द्रों में, ने कई मध्यवर्गीय परिवारों के लिए लम्बे समय तक यहां रहने को कम व्यवहारिक बना दिया है। महंगाई और नौकरी की सुरक्षा शीर्ष चिंताओं में हैं, क्रमशः 21 प्रतिशत और 17 प्रतिशत प्रतिभागियों ने इन्हें मुख्य कारण बताया। वित्तीय तनाव भारतीय अमेरिकी समुदाय के भविष्य की सोच को बदल रहा है। अब बच्चे की परवरिश की लागत 300,000 से अधिक मानी जाती है, और सैन फ्रांसिस्को, सिएटल और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में एक बेडरूम के घर का किराया 3,000 डॉलर से 5,000 डॉलर प्रति माह तक है।

हालांकि, अमेरिकी आप्रवास प्रणाली सबसे जटिल व लगातार चलने वाली संरचनात्मक समस्या हो सकती है। लंबी वीज़ा प्रतीक्षाओं, ग्रीन कार्ड में देरी, और नीति में अनिश्चितता ने भारतीय प्रवासी समुदाय के बड़े हिस्से को प्रभावित किया है, जिनमें कई कुशल पेशेवर अस्थायी वर्क वीज़ा पर हैं। नवीनतम वीज़ा बुलेटिन ने केवल इस धारणा को मजबूत किया है कि स्थायी निवास एक दूर का और अनिश्चित लक्ष्य है। वर्षों तथा कभी-कभी दशकों तक अमेरिका में रहने और काम करने के बावजूद, यह अस्थिरता समुदाय के बीच निराशा का मुख्य स्रोत बन रही है।

समुदाय राजनीतिक बदलाव से भी गुज़र रही है। भारतीय अमेरिकी अब किसी एक पार्टी से मजबूती से जुड़े नहीं हैं। वर्ष 2020 के बाद से, कम लोग डेमोक्रेट के रूप में पहचान कर रहे हैं, जबकि रिपब्लिकन समर्थन अधिकतर समान ही रहा है। लगभग 30 प्रतिशत लोग अब तटस्थ पहचान रखते हैं, जो लगातार बढ़ रहा है। यह पार्टी वफादारी से दूर और नौकरी की सुरक्षा, परिवार की सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थिरता जैसे व्यावहारिक मुद्दों पर आधारित निर्णय की ओर बड़े बदलाव को दर्शाता है।

# तमिलनाडु ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उपलब्ध कराई गई थीं। तमिलनाडु में 17वीं विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को राज्य की सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में एक ही चरण में मतदान कराया गया। इस चुनाव के लिए 2.80 करोड़ पुरुष मतदाता, 2.93 करोड़ महिला मतदाता और 7,728 तीसरे लिंग सहित सहित कुल मिलाकर 5.73 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं।

# 'भारतीय व चीनी लोग जो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

माफिया परिवारों ने मिलाकर भी नहीं किया। यह मेरी विनम्र राय है। लैपटॉप वाले गैंगस्टर। उन्होंने हमें अंधा बना दिया, हमें द्वितीय श्रेणी का नागरिक समझा, दुनिया को जीतने दिया, हमारे झंडे पर पांव रखा, आदि, आदि।"

"आपको भारत या चीन से होना चाहिए, क्योंकि लगभग सभी आंतरिक तंत्र भारतीयों और चीनी लोगों द्वारा संचालित होने के लिए बनाए गए हैं।"

सैवेज ने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था "बर्थ टूरिज़्म" और जन कल्याण के दुरुपयोग के माध्यम से शोषित की जा रही है और तर्क दिया कि अमेरिकी संविधान आधुनिक प्रवासन के संदर्भ में पुराना हो गया है।

उन्होंने लिखा, "संविधान हवाई यात्रा से पहले लिखा गया था, टीवी से पहले, इंटरनेट से पहले, रेडियो से पहले, और आप कह सकते हैं कि जब लोग अपनी गर्भावस्था के नौवें महीने में हवाई जहाज से यहां आ रहे हैं, तो इन तर्कों की प्रासंगिकता कितनी है।"

ट्रम्प ने सैवेज के नस्लवादी बयान को अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर साझा किया। इससे एक दिन पहले उन्होंने सीएनबीसी के इंटरव्यू में झूठा दावा किया कि "दुनिया का कोई देश" अमेरिका के अलावा जन्मजात नागरिकता नहीं देता। वास्तविकता यह है कि लगभग तीन दर्जन देश अपने भू-भाग पर जन्मे लोगों को स्वतः नागरिकता प्रदान करते हैं, जिनमें अमेरिका के पड़ोसी कैनडा और मेक्सिको और अधिकांश दक्षिण अमेरिकी देश शामिल हैं। ट्रम्प लंबे समय से अमेरिका में जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने की मांग करते आए हैं। जनवरी 2025 में, ओवल ऑफिस में दूसरी बार पद संभालने के बाद, ट्रम्प ने एक एग्ज़ीक्यूटिव आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो कुछ विशेष परिस्थितियों में अमेरिका में जन्म लेने वालों को स्वतः नागरिकता दिए जाने से रोकता है।

■ ट्रंप ने पॉडकास्ट को रीपोस्ट करते हुए, भारत व चीन को पृथ्वी पर नर्क बताया।

■ पर, अपने जोश में ट्रंप एक गलती कर बैठे, यह कहकर कि विश्व में ऐसा कोई और देश नहीं है, जो देश में जन्म लेने वाले बच्चे को ऑटोमैटिक रूप से नागरिकता प्रदान कर देता है, जबकि सच यह है विश्व में ऐसे लगभग तीन दर्ज़न देश हैं, जैसे, कैनडा, मैक्सिको आदि, जहाँ यह ऑटोमैटिक नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था लागू है।

लेकिन कानूनी रूप से व्यापक सहमति यह है कि अमेरिकी संविधान का 14वाँ संशोधन जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। मामला सुप्रीम कोर्ट में सुना जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प बनाम बारबरा मामले में तर्क सुने। इस केस में रिपब्लिकन नेता के आदेश को चुनौती दी गई है। इस मुद्दे पर आगामी निर्णय के बारे में ट्रम्प ने कहा, "यदि वे हमारे देश के खिलाफ जन्मजात नागरिकता पर फैसला करते हैं, और शायद देंगे भी, तो यह अमेरिका का भारी मात्रा में पैसा खर्च कराएगा, और सबसे महत्वपूर्ण बात, यह अमेरिका की गरिमा को नुकसान पहुंचाएगा!"

# सुप्रीम कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उच्च न्यायालय ने अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सुनवाई के दौरान अमित जोगी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अमित जोगी का पक्ष सुने बिना ही आदेश पारित कर दिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908